mediaauditornews@gmail.com Epaperdainikmediaauditor.in वर्ष-02 अंक-109 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

मनेन्द्रगढ़
21 अप्रैल 2026 मंगलवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

मनेन्द्रगढ़, रीवा एवं सतना से एक साथ प्रकाशित

## मणिपुर में प्रदर्शनकारियों-सुरक्षा बलों में झड़प, आंसू गैस छोड़ी

### मशाल रैली रोकने पर टकराव हुआ; सगोलबंद हिंसा में 21 गिरफ्तार



**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में शटडाउन के बीच रविवार रात कई इलाकों में प्रदर्शन हुए। इंफाल ईस्ट के कोईरेंगेई, इंफाल वेस्ट के उरिपोक और कक्चिंग जिले में मशाल रैलियां निकाली गईं। कक्चिंग में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हुई।

भीड़ को हटाने के लिए सुरक्षा बलों ने आंसू गैस, स्मोक बम और स्टन ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया। झड़प में कई लोग घायल हुए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दरअसल, 6 अप्रैल को ट्रोंग्लाओबी आवांग लेइकाई एक घर पर बम धमाके में दो बच्चों की मौत हुई थी। इन्हीं के न्याय के लिए प्रदर्शन हो रहे है। हालात को काबू में करने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स (RAF) तैनात की गई।

**पुलिस बोली- रैलियों की आड़ में हमले**

इंफाल वेस्ट के एसपी शिवकांत सिंह ने कहा कि हाल के प्रदर्शनों में कुछ असामाजिक तत्व रैलियों का फायदा उठाकर सुरक्षाबलों पर हमला कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि हमलों में लोहे के प्रोजेक्टाइल, गुलेल, पत्थर और पेट्रोल बम का इस्तेमाल किया गया। कई लोग नशे की हालत में भी पाए गए। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**सगोलबंद हिंसा में 21 गिरफ्तार**

पुलिस ने 18 अप्रैल को पातसोई से सगोलबंद के बीच इम्फाल-जिरीबाम रोड पर निकाली गई मशाल रैली के दौरान हुई हिंसा के मामले में 21 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## कर्नाटक में शर्मनाक कृत्य: हावेरी में तोड़ी गई बापू की प्रतिमा

### दोषियों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस



**हावेरी, एजेंसी।** कर्नाटक के हावेरी शहर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है, जिससे इलाके में नाराजगी का माहौल बन गया है। यह घटना महात्मा गांधी रोड पर हुई, जहां कुछ अज्ञात लोगों ने रात के समय गांधी जी की मूर्ति को नुकसान पहुंचाया।

**हावेरी एसपी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण**

घटना की जानकारी मिलते ही हावेरी की एसपी यशोदा वंतगोडी और शहर की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे मामले का निरीक्षण किया। पुलिस ने करीब 2 फीट ऊंची इस क्षतिग्रस्त प्रतिमा को अपने कब्जे में लेकर थाने पहुंचा दिया है, ताकि आगे की जांच की जा सके।

**मामले में पुलिस ने दर्ज किया केस, लोगों में आक्रोश**

पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जांच के लिए शहर के अलग-अलग इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। हालांकि, जिस जगह पर यह घटना हुई, वहां का कैमरा बंद पाया गया, जिससे जांच में कुछ दिक्कत आ रही है। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में काफी गुस्सा है। लोगों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है और उम्मीद जताई है कि पुलिस जल्द ही आरोपियों को पकड़ लेगी।

### चारधाम यात्रा के पहले ही दिन 2 श्रद्धालुओं की मौत

## यमुनोत्री की चढ़ाई के दौरान बुजुर्ग की सांस फूली, महिला घोड़े से गिरी



**उत्तरकाशी, एजेंसी।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के पहले ही दिन दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। दोनों घटनाएं उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री धाम मार्ग पर हुई।मध्य प्रदेश से अपने पति के साथ यात्रा पर आई एक महिला की घोड़े से गिरने के कारण मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गिरने से महिला के सिर पर गंभीर चोट लगी। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने 'ब्रॉट डेड' घोषित कर दिया।वहीं, महाराष्ट्र से आए एक बुजुर्ग श्रद्धालु की पैदल चढ़ाई के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। चढ़ाई करते समय उन्हें सांस लेने में गंभीर दिक्कत हुई। परिजन और प्रशासन की मदद से उन्हें तुरंत जानकीचट्टी स्थित अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके।अस्पताल के चिकित्सक डॉ. हरदेव सिंह के अनुसार, प्रारंभिक जांच में बुजुर्ग की मौत का कारण सांस संबंधी बीमारी और ऊंचाई पर ऑक्सीजन की कमी माना जा रहा है।

### नासिक से आए बुजुर्ग के साथी यमुनोत्री यात्रा पर निकले

पुलिस अधिकारी एसआई राजेश कुमार ने बताया कि पहले मृतक के साथ आए अन्य यात्री दर्शन के लिए आगे बढ़ गए हैं। मृतक की पहचान नासिक, महाराष्ट्र निवासी 67 वर्षीय उदम ताम्बे के तौर पर हुई है। डी.जी.पी. नगर निवासी गजानन्द ताम्बे के पुत्र उदम ताम्बे की तबीयत जानकीचट्टी के पास अचानक बिगड़ी, जिसे अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।प्राथमिक जानकारी के अनुसार, उनकी मृत्यु का कारण हाई ब्लड प्रेशर (BP) संबंधी समस्या बताया जा रहा है, जिसकी आधिकारिक सूचना पीएचसी (प्राइमरी हेल्थ सेंटर) जानकीचट्टी द्वारा पुलिस चौकी को दे दी गई है।इंदौर की रहने वाली थी महिलायमुनोत्री पैदल मार्ग पर हादसे का शिकार हुई महिला की पहचान 40 वर्षीय प्रतिमा मिश्रा के रूप में हुई है, जो इंदौर, मध्य प्रदेश की रहने वाली थीं। वे इंदौर के सुखलिया क्षेत्र स्थित काशीपुरी कॉलोनी की निवासी थीं और अपने पति धर्मेन्द्र मिश्रा के साथ चारधाम यात्रा पर आई थीं।यात्रा के दौरान '19 कैंची' के पास घोड़े से गिरकर उनके सिर पर गंभीर चोट आई। उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें 'ब्रॉट डेड' (अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत) घोषित कर दिया।

## अमेरिका-शख्स ने अपने 7 बच्चों समेत 8 की हत्या की

### सभी की उम्र 1 से 11 साल थी; पत्नी को भी गोली मारी, हालत गंभीर

**लुइसियाना, एजेंसी।** अमेरिका के लुइसियाना राज्य के श्रेवेपोर्ट शहर में एक शख्स ने 8 बच्चों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक इनमें से 7 उसके ही बच्चे थे। अमेरिका में इस साल की यह सबसे बड़ी मास शूटिंग की घटना मानी जा रही है। CNN के मुताबिक यह घटना रविवार सुबह 6 बजे (स्थानीय समय के मुताबिक) वेस्ट



79वीं स्ट्रीट के 300 ब्लॉक में हुई। आरोपी का नाम शमार एल्किंस (31 साल) है।

पुलिस ने बताया कि 7 बच्चों को घर के अंदर गोली मारी गई, जबकि एक बच्चे को छत पर गोली लगी, जब वह जान बचाने के लिए भागने की कोशिश कर रहा था। हमले में असॉल्ट-स्टाइल हथियार का इस्तेमाल किया गया।

## म.प्र.-राजस्थान समेत 7 राज्यों में लगातार चौथे दिन लू चली

### यूपी-ओडिशा में रातें भी गर्म; कोटा में सड़कों पर पानी का छिड़काव



**नई दिल्ली/ भोपाल/ जयपुर/लखनऊ, एजेंसी।** देश के कई हिस्सों में गर्मी का असर जारी है। राजस्थान, यूपी, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, विदर्भ में लगातार चौथे दिन लू का कहर देखने मिल रहा है।

यहां कई जिलों में पारा 40डिग्री के पार पहुंच चुका है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में तापमान 44.6 और मध्य प्रदेश के नौगांव में पारा 44.3 डिग्री रहा।

हालांकि महाराष्ट्र के अकोला और वर्धा में तापमान सबसे ज्यादा 45डिग्री रिकॉर्ड किया गया। ये दोनों शहर रविवार को देश के सबसे गर्म शहर रहे।

राजस्थान के कोटा में दिन का तापमान 42 डिग्री रहा। तपती सड़कों को ठंडा करने के लिए नगर निगम ने टैंकरों से पानी का छिड़काव करवाया। इधर, जम्मू-कश्मीर के मैदानी इलाकों में बारिश, पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हुई। बर्फबारी के कारण मुगल रोड, श्रीनगर-कारगिल रोड और बांदीपोरा-गुरेज रोड समेत कई सड़कें बंद हैं।

वहीं, अरुणाचल, असम, मेघालय समेत पूर्वोत्तर के 7 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। गुवाहाटी में बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया है।

## मुख मोहन भागवत ने संस्कृत को राष्ट्र की आत्मा बताया, कहा: लोगों को सीखनी चाहिए यह भाषा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को संस्कृत सीखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इसे भारत की आत्मा और देश की सभ्यतागत निरंतरता के लिए जरूरी तत्व बताया। वे दिल्ली में संस्कृत भारती के केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। संस्कृत भारती एक ऐसी संस्था है जो संस्कृत को एक जीवंत और व्यापक रूप से प्रयुक्त भाषा के रूप में बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इस कार्यक्रम में संस्कृत को आधुनिक संचार माध्यम के रूप में उपयोग करने के लिए चल रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला गया।

**संस्कृत राष्ट्र की आत्मा है-आरएसएस प्रमुख:** सभा को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा,' संस्कृत एक भाषा है। फिर भी, यह मात्र एक भाषा नहीं है। भारत में, संस्कृत राष्ट्र की आत्मा है क्योंकि यह विचार, जीवन और संस्कृति की सबसे प्राचीन परंपरा है - एक ऐसी परंपरा जो आज भी जीवंत है - जो भारत में विद्यमान है।'

### अमेरिका का चीन से आ रहे ईरानी जहाज पर कब्जा


## होर्मुज पार करने की कोशिश कर रहा था, ईरान बोला- जल्द जवाब देंगे

**वॉशिंगटन डीसी/ तेहरान, एजेंसी।** अमेरिका ने ईरान के एक मालवाहक जहाज को अपने कब्जे में ले लिया है। राष्ट्रपति ट्रम्प के मुताबिक टॉस्का नामक यह जहाज होर्मुज स्ट्रेट को पार करने की कोशिश कर रहा था। इसे अमेरिकी डेस्ट्रॉयर स्प्रूअन्स ने रोका।ट्रम्प के मुताबिक, जहाज ने चेतावनियों को नजरअंदाज किया, जिसके बाद अमेरिकी मरीन ने उसे रोक लिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'इस वक्त जहाज हमारे कब्जे में है। हम पूरी तरह इसे कंट्रोल में लेकर देख रहे हैं कि इसके



अंदर क्या है।' दूसरी तरफ, ईरान के हजरत खातम अल-अनबिया सैन्य मुख्यालय ने कहा कि अमेरिका ने सीजफायर का उल्लंघन किया और ओमान की खाड़ी में ईरान के एक व्यापारिक जहाज पर फायरिंग की, जिससे उसका नेविगेशन सिस्टम खराब हो गया।

### ईरान जंग के बीच सऊदी अरब पहुंचे अजित डोभाल



भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल सऊदी अरब गए हुए हैं। वहां उन्होंने सऊदी के विदेश मंत्री, ऊर्जा मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार से मुलाकात की।

इस दौरान दोनों देशों के रिश्तों, मिडिल ईस्ट के हालात और आपसी हितों पर बात हुई। भारतीय दूतावास ने भी इसकी जानकारी दी है। डोभाल जब रियाद पहुंचे तो एयरपोर्ट पर भारत के राजदूत और सऊदी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने उनका स्वागत किया।यह दौरा ऐसे वक्त हो रहा है जब अमेरिका और ईरान के बीच फिर से बातचीत की तैयारी चल रही है।

## पचपदरा रिफाइनरी में भीषण आग से बालोतरा में हड़कंप, पीएम मोदी आज करने वाले थे उद्घाटन

**बालोतरा, एजेंसी।** राजस्थान के बालोतरा जिले स्थित पचपदरा रिफाइनरी में सोमवार को अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। यह घटना ऐसे समय सामने आई है, जब अगले ही दिन 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रिफाइनरी के उद्घाटन का कार्यक्रम निर्धारित है। आग लगने की सूचना मिलते ही प्रशासन, सुरक्षा एजेंसियों और रिफाइनरी प्रबंधन में हलचल तेज हो गई।

**प्रोसेसिंग यूनिट में लगी आग**

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग रिफाइनरी की एक प्रोसेसिंग यूनिट में लगी है। घटना के बाद परिसर में अफरातफरी का माहौल बन गया। आग किस कारण से लगी, इसका अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका



है। तकनीकी टीम और सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंचकर स्थिति का आकलन करने और कारणों की जांच में जुटी हुई हैं।

**दूर तक दिखाई दिया धुएं का गुबार**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग काफी तेज थी और उसका घना धुआं करीब एक किलोमीटर दूर से भी साफ दिखाई दे रहा था। आग की तीव्रता को देखते हुए आसपास के क्षेत्र में चिंता का माहौल बन गया। धुएं का बड़ा गुबार आसमान में उठता दिखाई दिया, जिससे घटना की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### राहत और बचाव कार्य जारी

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 20 से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने के लिए तुरंत मोर्चा संभाला। राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है और लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ताकि आग को अन्य यूनिटों तक फैलने से रोका जा सके।

### उद्घाटन कार्यक्रम पर पड़ सकता है असर

बताया जा रहा है कि 21 अप्रैल को सुबह करीब 11:30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस रिफाइनरी का औपचारिक उद्घाटन किया जाना था। ऐसे में आग लगने की इस घटना ने प्रशासन और प्रबंधन की चिंता बढ़ा दी है। माना जा रहा है कि इस हादसे का उद्घाटन कार्यक्रम पर भी असर पड़ सकता है।



### जम्मू के उधमपुर में सड़क हादसा

## तेज रफ्तार बस का टायर फटा, 100 फीट नीचे गिरी 21 की मौत

### यात्री बोले- , ड्राइवर कंट्रोल नहीं कर सका

**उधमपुर, एजेंसी।** जम्मू के उधमपुर में सोमवार सुबह एक बस हादसे का शिकार हो गई। रामनगर से आ रही बस कगोत के पास सड़क से करीब 100 फीट नीचे गिरकर पलट गई। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक इस हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 से ज्यादा यात्री घायल हो गए।

घायलों के मुताबिक बस ओवरलोड थी, रफ्तार भी तेज थी। कगोत नाले के पास अचानक बस का टायर फट गया। इससे ड्राइवर उसे कंट्रोल नहीं कर सका। और बस सड़क से नीचे गिर गई। हादसे में बस



का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह नष्ट हो गया है।

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट पर बताया कि हादसे का शिकार हुई बस पब्लिक ट्रांसपोर्ट की थी। घायलों का इलाज GMC ऊधमपुर में किया जा रहा है।

### पीएम मोदी ने जताया शोक

भीषण बस हादसे में 20 लोगों की मौत और 20 से ज्यादा लोगों के घायल होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। साथ ही उन्होंने घोषणा की है कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार की सहायता दी जाएगी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी हादसे पर दुख जताते हुए प्रशासन को राहत और बचाव कार्य तेज करने और प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इस दुखद घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गहरा शोक व्यक्त किया राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि वह इस हादसे में हुई जानमाल की क्षति से अत्यंत दुखी हैं। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### यात्री बोले- बस तेज रफ्तार में थी, टायर फटने से कंट्रोल छूटा

हादसे वाली जगह पर मौजूद लोगों ने बताया कि हादसे की वजह बस का ओवरलोड और तेज रफ्तार होना था। घायल यात्रियों से पूछा गया तो वे बोले कि ड्राइवर बहुत तेज बस चला रहा था। बस का टायर फटने से वह स्पीड कंट्रोल नहीं कर सका। जिसके कारण वह करीब 100 मीटर की ऊंचाई से गिर गई।

### बस की चपेट में ऑटो भी आया

बस नीचे सड़क पर उलटी गिरने से पहले एक ऑटो-रिक्शा को कुचलती हुई गई। अधिकारियों ने बताया कि ऑटो-रिक्शा में सवार लोगों को चोटें आईं, लेकिन वे बच गए। हादसे के बाद उसी रास्ते से गुजर रहे सेना के एक काफिले ने बचाव अभियान की कमान संभाली। बाद में एक हाइड्रोलिक क्रेन की मदद से गाड़ी को सीधा किया गया।

## 49 बुलेट समेत 5 हजार से अधिक ड्राइवरों पर शिकंजा, 14 वाहन किए सीज ; नोएडा पुलिस ने धड़ाधड़ काटे चालान



**नोएडा, एजेंसी।** बुलेट मोटरसाइकिल में माडिफाई साइलेंसर लगवाकर फर्राटा भरने वाले चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस ने रविवार को सख्ती बरती। नोएडा में यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 49 बुलेट मोटरसाइकिल के चालान किए। साथ ही पुलिस ने 5474 वाहनों के चालान काटे और 14 वाहनों को सीज किया। लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक भी किया। डीसीपी यातायात शैलेंद्र सिंह ने बताया कि यातायात पुलिस टीम ने रविवार को अभियान चलाकर मैनुअल तरीके से 2183 और आईटीएमएस कैमरों से 3291 वाहनों के चालान किए। साथ ही यातायात नियमों का पालन किए बिना दौड़ रहे 14 वाहनों को सीज भी किया। बताया कि इनमें बिना हेलमेट वाले 2307, ओवरस्पीड में चलने वाले 395, मोबाइल फोन पर बात करने वाले 57 वाहन शामिल रहे, जबकि प्रेशर हॉर्न लगवाकर चलने 64 वाहनों पर भी कार्रवाई की। डीसीपी ने बताया कि आगे भी अभियान चलाकर सख्ती बरती जाएगी। किसी भी हाल में यातायात नियमों को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## नोएडा के गोल्फ सिटी में बिल्डर के खिलाफ मशाल जुलूस, मूलभूत सुविधाओं की कमी पर फूटा लोगों का गुस्सा




**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा में सेक्टर-75 स्थित गोल्फ सिटी प्लॉट-7 सोसायटी में रहने वाले एक हजार निवासियों ने रविवार शाम बिल्डर द्वारा मूलभूत सुविधाएं न देने के विरोध में मशाल जुलूस निकाला। सोसायटी के परिसर में परिक्रमा करते हुए निवासियों ने बिल्डर के खिलाफ नारे लगाए और प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की। सोसायटी में करीब 250 फ्लैट हैं, जिनकी कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक है। निवासियों का आरोप है कि फ्लैट बनने के मात्र कुछ वर्षों में ही प्लास्टर झड़ने लगा है, निर्बाध शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है और आग से बचाव की कोई उचित व्यवस्था नहीं है। बिल्डर ने कई सुविधाओं का झूठा वादा कर फ्लैट बेचे, लेकिन जमीनी स्तर पर काम अधूरे पड़े हैं। निवासी लोकेश सिंह ने बताया कि बीते 10 वर्षों से बिल्डर सिर्फ झूठे वादे कर रहा है। अरुण कुमार और विश्वदीप श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि बिल्डर और प्राधिकरण दोनों मिले हुए हैं। शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही। आगामी रविवार को सांकेतिक भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी है।

## दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे को लेकर बड़ा अपडेट, ग्रीनबेल्ट विकसित करने की तैयारी शुरू



**गोहाना (सोनीपत), एजेंसी।** सोनीपत में गोहाना क्षेत्र से गुजर रहे दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे के किनारे ग्रीनबेल्ट विकसित करने की तैयारी शुरू हो गई है। पौधारोपण से पहले मिट्टी के कल्चर की जांच कराई जाएगी, ताकि क्षेत्र के अनुसार उपयुक्त पौधों का चयन किया जा सके। गोहाना के ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 26 किलोमीटर लंबाई में यह एक्सप्रेसवे बना है, जिसके दोनों तरफ हरियाली बढ़ाई जाएगी। वन विभाग ने इस दिशा में कदम उठाते हुए एक्सप्रेसवे के किनारे से मिट्टी के नमूने एकत्रित कर उन्हें मिट्टी एवं पानी जांच प्रयोगशाला में भेजा है। इन नमूनों की जांच के बाद यह स्पष्ट हो सकेगा कि यहां की मिट्टी की गुणवत्ता, उर्वरता, पीएच स्तर और नमी की स्थिति कैसी है। इसके आधार पर ही यह तय किया जाएगा कि किस प्रकार के पौधे यहां बेहतर विकसित हो सकते हैं। बिना मिट्टी की जांच किए पौधारोपण करने से कई बार पौधे सही ढंग से विकसित नहीं हो पाते और अच्छे परिणाम नहीं मिलते हैं। इस बार वैज्ञानिक तरीके से पौधारोपण की योजना बनाई गई है। मिट्टी के कल्चर के अनुसार, पौधे लगाने से उनकी जीवित रहने की संभावना अधिक रहती है और ग्रीनबेल्ट भी लंबे समय तक सुरक्षित रहती है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार जांच रिपोर्ट आने के बाद उसे मुख्यालय भेजा जाएगा। इसके बाद पौधारोपण का लक्ष्य तय किया जाएगा। इस ग्रीनबेल्ट में ऐसे पौधे लगाए जाएंगे जो न केवल पर्यावरण के अनुकूल हों, बल्कि कम पानी में भी आसानी से विकसित हो सकें।

## नोएडा-ग्रेटर नोएडा में श्रमिकों की सैलरी 21% बढ़ी, 20 हजार वाला मैसेज फर्जी ; चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात

**नोएडा, एजेंसी।** श्रमिकों के उग्र प्रदर्शन के अगले दिन मंगलवार को नोएडा के सभी प्रमुख चौराहों पर पुलिस का पहरा बढ़ा दिया गया है। लोगों के एक जगह पर एकत्र होने पर पाबंदी लगी हुई है। सबसे अधिक बढ़ोतरी नोएडा के श्रमिकों के लिए की गई है। कंपनियों को बंद रखने के आदेश के साथ ही लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है। वर्तमान में नोएडा में शांति बनी हुई है। कहीं भी किसी प्रकार की बुरी घटना की कोई खबर नहीं है। इसी बीच सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे भ्रामक संदेशों पर भी स्पष्टीकरण दिया गया है। सबसे अहम बात यह है कि श्रमिकों की सैलरी बढ़ाने को लेकर जो बातें तय की गई हैं, उससे अब नया मानदेय का आंकड़ा स्पष्ट हो गया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर मैसेज शेयर किया जा रहा है कि श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 20,000 रुपये प्रतिमाह तय कर दिया गया है।

# सीआर पार्क डबल मर्डरः आईपीएल सट्टे ने ली दो जिंदगियां, दिल्ली में पिता-पुत्र की हत्या की वजह बना 4 लाख का कर्ज



**दक्षिणी दिल्ली, एजेंसी।** चितरंजन पार्क थाना क्षेत्र स्थित तारा अपार्टमेंट में प्रापर्टी कारोबारी पिता-पुत्र राकेश सूद (62) और करन सूद (27) की हत्या की वजह चार लाख का कर्ज बनी। करण आइपीएल सट्टे में पैसा लगाया करता था। उसकी इस आदत से पिता भी परेशान थे। उन्होंने परिचितों को करण को कर्ज देने से मना कर रखा था। असद और करण का परिवार आमने-सामने के ब्लाक में चौथी मंजिल पर रहता है। एक जैसा बिजनेस होने के चलते दोनों परिवारों में एक दशक से भी पुराने संबंध थे। राकेश सूद ने असद को भी मना कर रखा था। इसके बावजूद असद ने करण को 20 प्रतिशत ब्याज पर कुछ समय पहले चार लाख रुपये उधार दिए। ब्याज बढ़कर कर्ज आठ लाख रुपये हो गया था। करण पैसे लौटा नहीं रहा था और पिता राकेश सूद ने भी जिम्मेदारी से इनकार कर दिया। इसी को लेकर शुक्रवार रात ओ ब्लाक के ग्राउंड फ्लोर पर पहले राकेश व असद के बीच बहस होने लगी। थोड़ी ही देर में ऊपर के फ्लोर से करण और उसका चचेरा भाई राहुल आया और मारपीट शुरू कर दी। यहीं से बात बिगड़ी और असद ने चाकू निकालकर तीनों पर हमला बोल दिया।

करण और असद के कामन फ्रेंड के मुताबिक दोनों परिवार लंबे समय से एक-दूसरे को जानते थे और दोनों में अच्छे संबंध थे। अपार्टमेंट के बगल में ही ग्रीन फील्ड स्कूल है, जहां से करण ने 12वीं तक की पढ़ाई पूरी की थी। घटना को लेकर सुरक्षाकर्मी और कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सब कुछ एक से डेढ़ मिनट के अंदर हो गया। जब तक लोग समझ पाते और प्रतिक्रिया दे पाते करण और राकेश जमीन पर लहूलुहान जमीन पड़े थे और असद मौके से फरार था। सूत्रों के मुताबिक पैसों को लेकर आरोपित की करण और उसके पिता से घटना के एक दिन पहले भी कहासुनी हुई थी। शुक्रवार की रात असद पैसे मांगने के लिए ही राकेश सूद के पास जा रहा था। राकेश उसे ओ-ब्लाक के ग्राउंड फ्लोर पर मिल गए। वहीं दोनों की बहस होने लगी। आधे मिनट बीता होगा कि वहां करण और राहुल पहुंच गए। आरोप है कि इस बीच राहुल ने हाथापाई शुरू कर दी। देखते ही देखते करण भी जुट गया। इस हाथापाई में असद की नाक पर चोट लग गई। वह आग बबूला हो गया और चाकू निकालकर पहले राहुल पर दो वार किए। दोनों बार राहुल ने हाथ से वार को झेलकर खुद को बचाया। वह किनारे हुआ तो आरोपित ने करण पर हमला बोल दिया। चाकू का एक जोरदार वार करण के बायें कान के नीचे गले पर हुआ और वह गिर पड़ा। बेटे को बचाने के लिए राकेश सूद दौड़े तो उन पर भी आरोपित ने ताबड़तोड़ हमला बोल दिया और मौके से भाग गया।

### एक झटके में खत्म कर दिया वंश

आसपास के दुकानदार से लेकर दोनों परिवारों को जानने वाले घटना से स्तब्ध हैं। राकेश के परिवार में पत्नी मधु, बेटियां कनिका व कनिष्का और बेटा करण थे। करण सबसे छोटा था। परिवार 18 वर्षों से यहां रह रहा है। जो दुकानदार करण को बचपन से देखते आए हैं, उन्हें भी उसकी मौत पर यकीन नहीं। आसपास के दुकानदारों के मुताबिक दोनों परिवार संपन्न हैं। पैसों का इतना बड़ा विवाद भी नहीं था कि बात मर्डर तक पहुंच जाए। इतनी बड़ी घटना कैसे हो गई, समझ में ही नहीं आ रहा। करण घर का इकलौता चिराग था। राकेश सूद का तो वंश ही एक झटके में खत्म हो गया।

## फरीदाबाद में 42 जगहों पर स्मार्ट पार्किंग बनाने की फाइल सरकार के पास, लोगों ने अब तक चुकाया 4 करोड़ का जुर्माना



**फरीदाबाद, एजेंसी।** औद्योगिक नगरी में स्मार्ट पार्किंग का काम पिछले दो साल से जमीन पर नहीं उतर पाया है। पार्किंग की फाइल काफी समय तक अधिकारियों की टेबल पर ही घूमती रही। निगम की इस सुस्ती की वजह से लोगों को सड़क पर वाहन खड़ा करने की एवज में पिछले एक साल में चार करोड़ रुपये जुर्माने के रूप में चुकाने पड़े। पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने की वजह से लोगों को अपने वाहन सड़क किनारे खड़े करने पड़ते हैं। इसका भुगतान उनको रांग पार्किंग के रूप में जुर्माना देकर करना पड़ता है। पिछले एक साल में पुलिस ने सड़क पर खड़े वाहनों के 99 हजार 272 चालान किए है। रांग पार्किंग को लेकर 500 रुपये का चालान किया जाता है। इस हिसाब से एक साल के भीतर सड़क पर वाहन खड़ा करने को लेकर चार करोड़ रुपये जुर्माना वसूला गया। अब निगम की ओर से दावा किया जा रहा है 42 जगहों को चिन्हित करके पार्किंग की फाइल सरकार के पास भेज दी गई है। शहर के बाजारों में स्मार्ट पार्किंग तो दूर सामान्य पार्किंग की व्यवस्था भी नहीं है। एनआइटी एक में करीब पांच हजार दुकानें हैं। प्रतिदिन 10 हजार से अधिक ग्राहक यहां पर खरीददारी करने के लिए आते हैं। वैष्णों देवी मंदिर से लेकर एनआइटी एक-दो के चौक पर वाहन खड़े होते हैं। लोगों का कहना है कि बाजार के पास पार्किंग की व्यवस्था हो तो उनको अपने वाहन सड़क पर नहीं खड़े करने पड़ेगे। इसी तरह से एनआईटी पांच, एनआईटी-दो और ओल्ड फरीदाबाद मार्केट में भी पार्किंग को लेकर कोई व्यवस्था नहीं है। वहां पर भी वाहन गलत तरीके से ही सड़क पर खड़े होते हैं।

**पहले 16 जगह की थी निर्धारितः** निगम की ओर से स्मार्ट पार्किंग को लेकर पहले 16 जगह चिन्हित की गई थी। लेकिन राजनीतिक हस्तक्षेप की वजह से वह पूरा प्रस्ताव ही रद करना पड़ा। अब 42 जगहों को चिन्हित करके सरकार के पास भेजा गया है। जिसमें मार्गदर्शन मांगा गया है कि इन सभी जगहों पर पार्किंग बनाने को लेकर किसी तरह की अड़चन तो नहीं है।

पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से न केवल जाम बल्कि प्रदूषण भी बढ़ता है। पार्किंग की योजना को जमीन पर नहीं उतार पाने में शासन-प्रशासन की उदासीनता साफ तौर पर नजर आती है। इसका खामियाजा आम लोग भुगत रहे हैं। स्मार्ट पार्किंग में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी और आनलाइन भुगतान की व्यवस्था होगी।

## गुरुग्राम में भीषण गर्मी का प्रकोप, तापमान 38 डिग्री के पार; हीटवेव का येलो अलर्ट जारी

**गुरुग्राम, एजेंसी।** अप्रैल के तीसरे हफ्ते में ही मई-जून जैसी गर्मी पड़ रही है। रविवार को सुबह से ही सूरज ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए और दोपहर तक हालात ऐसे बन गए कि सड़कों पर आवाजाही लगभग थम गई। छुट्टी भी लोगों को घरों से बाहर नहीं निकाल सकी। पार्क, बाजार और सार्वजनिक स्थानों पर सन्नाटा पसरा रहा। अधिकतम पारा 38.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। खास बात यह है कि दिन के मुकाबले रात की गर्मी तेजी से बढ़ रही है, जिससे लोगों को राहत के घंटे कम होते जा रहे हैं। पिछले 24 घंटों में दिन के तापमान में मामूली गिरावट जरूर आई, लेकिन रात के पारे में करीब दो डिग्री की बढ़ोतरी ने उमस और बेचैनी बढ़ा दी है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक आने वाले तीन दिन और ज्यादा चुनौतीपूर्ण रहने वाले हैं। आसमान साफ रहने से धूप की तीव्रता और बढ़ेगी, जिससे तापमान में लगातार उछाल देखने को मिलेगा। 22 और 23 अप्रैल के लिए हीटवेव का येलो अलर्ट जारी किया गया है, जो साफ संकेत देता है कि हालात और बिगड़ सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इन दिनों दोपहर के समय बाहर निकलना स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। प्रशासन और डाक्टरों ने लोगों को सलाह दी है कि धूप में अनावश्यक बाहर न जाएं, पानी, छाछ और अन्य तरल पदार्थों का अधिक सेवन करें और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें।



## होर्मुज की सुरक्षा पर भारत-दक्षिण कोरिया साथ



**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने कहा है कि दक्षिण कोरिया और भारत को होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि वैश्विक सप्लाई चेन को स्थिर बनाने और ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने के लिए दोनों देशों के बीच साझेदारी बेहद अहम है। राष्ट्रपति ली ने एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रस्तावित शिखर वार्ता से पहले की। यह बैठक उनके राष्ट्रपति पद संभालने के बाद मोदी के साथ तीसरी आमने-सामने की मुलाकात मानी जा रही है।

**होर्मुज में आई बाधा का असर पूरे विश्व पर पड़ाः** उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से जारी संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग पर असर पड़ा है। इसके चलते वैश्विक तेल कीमतों में तेजी आई है और औद्योगिक उत्पादन के लिए जरूरी कच्चे माल की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। राष्ट्रपति ली ने कहा कि दक्षिण कोरिया और भारत दोनों अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए पश्चिम एशिया से आने वाले कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस पर काफी हद तक निर्भर हैं। ऐसे में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा हमारे नागरिकों की सुरक्षा और हमारे देशों के अस्तित्व से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दक्षिण कोरिया भारत के साथ लगातार संवाद बनाए रखेगा ताकि सभी जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और स्वतंत्र रूप से गुजर सकें। साथ ही दोनों देश अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी इस साझा प्रतिबद्धता को मजबूत करेंगे।

**महत्वपूर्ण खनिजों पर दिया जोरः** ऊर्जा निर्भरता कम करने और आपूर्ति संकट से निपटने के लिए राष्ट्रपति ली ने महत्वपूर्ण खनिजों की सप्लाई चेन में सहयोग बढ़ाने की भी वकालत की। उन्होंने कहा कि पारंपरिक आयात मॉडल से आगे बढ़ते हुए दक्षिण कोरिया की तकनीकी क्षमता और भारत की खनन व रिफाइनिंग क्षमता को जोड़कर स्थिर और भरोसेमंद सप्लाई चेन बनाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग केवल पारंपरिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि एआई, रक्षा, शिपिंग, शिपबिल्डिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और वित्तीय सेवाओं जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में भी साझेदारी को नई गति दी जाएगी।

## उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन का श्रीलंका दौरा

### तेल पाइपलाइन पर चर्चा, द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जोर



**कोलंबो, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के बीच बैठक हुई। इसमें भारत और श्रीलंका को तेल पाइपलाइन से जोड़ने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने ऊर्जा, आवास परियोजनाओं और मछुआरों के मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर विस्तार से बातचीत की। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने रविवार को यह जानकारी दी। विदेश सचिव ने कहा, भारत की ओर से ऊर्जा केंद्र परियोजना और श्रीलंका के त्रिंकोमाली में प्रस्तावित योजनाओं पर भी विचार किया गया। साथ ही दोनों देशों को जोड़ने वाली तेल पाइपलाइन के अहमियत पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ रहे असर के बीच यह संपर्क और भी अहम हो जाता है। मिस्त्री ने यह भी बताया कि राष्ट्रपति दिसानायके ने भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति की सराहना की। उन्होंने दोनों देशों के बीच पारंपरिक संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने आर्थिक संकट और हाल की आपदाओं में भारत की ओर से दी गई मदद को भी याद किया। उपराष्ट्रपति ने श्रीलंका में जारी भारत की विकास परियोजनाओं और विशेषकर दित्वाह चक्रवात राहत पैकेज पर भी चर्चा की। दोनों नेताओं ने मछुआरों के मुद्दों पर मानवीय दृष्टिकोण से समाधान निकालने पर सहमति जताई, ताकि दोनों तरफ के मछुआरा समुदायों की आजीविका सुरक्षित रहे।

**भारत व श्रीलंका साझा इतिहास व भविष्य के वास्तविक साझेदारः साजित प्रेमदासा**

श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिणी अमरसूर्या ने उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन के सम्मान में दोपहर के भोज का आयोजन किया। इस दौरान सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। वहीं, विपक्षी नेता साजित प्रेमदासा ने कहा, भारत व श्रीलंका साझा इतिहास व भविष्य के वास्तविक साझेदार हैं। उपराष्ट्रपति ने श्रीलंकाई तमिल और भारतीय मूल के तमिल नेताओं से भी मुलाकात की।

# उत्तर कोरिया ने क्लस्टर बमों का किया परीक्षण, किम जोंग-उन की बेटी भी रहीं मौजूद

**प्योंगयांग, एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइलों के अपने नवीनतम प्रक्षेपण में क्लस्टर बमों का परीक्षण किया है। यह परीक्षण नेता किम जोंग-उन की देखरेख में हुई है।दक्षिण कोरिया की सेना ने उत्तर कोरिया के सिनफो क्षेत्र से सुबह लगभग 6:10 बजे पूर्वी सागर की ओर दागी। कई अल्प दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों का पता लगाने के एक दिन बाद, कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने ह्वासोंग-11 रा सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल के प्रक्षेपण की रिपोर्ट प्रकाशित की। केसीएनए ने कहा कि परीक्षण प्रक्षेपण का उद्देश्य हथियार प्रणाली में लगे क्लस्टर बम वारहेड और विखंडन माइन वारहेड की शक्ति का मूल्यांकन करना था। केसीएनए की रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 136 किलोमीटर दूर स्थित लगभग 13 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाले एक द्वीप के पास एक लक्ष्य क्षेत्र पर पांच मिसाइलों ने हमला किया। यह अत्यधिक घनत्व वाला क्षेत्र था, जिससे उनकी युद्ध क्षमता पूरी तरह से प्रदर्शित हुई।



**बेटी भी रही मौजूदः** इसके साथ ही जारी की गई तस्वीरों में किम की बेटी जू-ए भी नजर आई, जिनके बारे में माना जाता है कि उन्हें उनके उत्तराधिकारी के रूप में तैयार किया जा रहा है।

किम ने परीक्षण प्रक्षेपण पर अत्यंत संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक विशिष्ट लक्ष्य क्षेत्र को नष्ट करने के लिए उच्च घनत्व वाली मारक क्षमता के साथ-साथ उच्च परिशुद्धता वाली मारक क्षमता को बढ़ाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि विभिन्न क्लस्टर बम वारहेड का विकास और परिचय कोरियाई पीपुल्स आर्मी की परिचालन मांग को अधिक संतोषजनक और प्रभावी तरीके से पूरा कर सकता है। नेता ने हथियार विकास के लिए जिम्मेदार विज्ञान अनुसंधान समूहों को भी प्रोत्साहित किया और कहा कि वे हमारी सेना की युद्ध तत्परता के लिए आवश्यक विभिन्न अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को प्राप्त करने और अद्यतन करने के अपने महत्वपूर्ण प्रयासों को जारी रखेंगे। किम के साथ परीक्षण प्रक्षेपण में केंद्रीय सैन्य आयोग के सदस्य किम जोंग-सिक, मिसाइल प्रशासन के प्रमुख जांग चांग-हा और सैन्य इकाई के कमांडर भी उपस्थित थे।

**संयुक्त राष्ट्र ने की निंदाः** रविवार को किया गया यह प्रक्षेपण 8 अप्रैल को उत्तर कोरिया द्वारा कई अल्प दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों के परीक्षण के बाद हुआ। उस समय राज्य मीडिया ने कहा था कि देश ने क्लस्टर बम वारहेड से युक्त एक सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया था। इसके साथ ही दावा किया था कि यह उच्चतम घनत्व शक्ति के साथ लक्षित क्षेत्रों को राख में बदल सकती है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा कार्यालय ने उत्तर कोरिया द्वारा किए गए नवीनतम मिसाइल प्रक्षेपण की निंदा करते हुए इसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन बताया है और उत्तर कोरिया की मिसाइल संबंधी उकसावों को तत्काल रोकने का आह्वान किया है।

**इस्राइली हवाई रक्षा प्रणाली के लिए एक चुनौतीः** क्लस्टर बम दर्जनों से लेकर सैकड़ों छोटे बम छोड़ता है, जिससे यह एक विस्तृत क्षेत्र में कई लक्ष्यों को निशाना बना सकता है। इस हथियार का इस्तेमाल ईरान द्वारा मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष में किया गया है, जिससे यह इस्राइली हवाई रक्षा प्रणाली के लिए एक चुनौती बन गया है। उत्तर कोरिया की रिपोर्ट से पता चलता है कि रविवार के परीक्षण में मिसाइल वॉरहेड में लगे क्लस्टर बम और हवाई विखंडन खदानों का प्रक्षेपण शामिल था। योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार, केसीएनए ने एक समुद्री दीवार के किनारे से मिसाइल दागे जाने और एक छोटे द्वीप पर क्लस्टर बम गिराए जाने की तस्वीरें भी जारी कीं। जो देश द्वारा क्लस्टर बम परीक्षण की तस्वीरें सार्वजनिक करने का पहला मामला है।

### सूखा नदी के पुनर्जीवन हेतु श्रमदान: जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने मिलकर दिया जल संरक्षण का संदेश

# जनशक्ति से ही जल संकट का समाधान संभव: सांसद





**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सूखा नदी के पुनर्जीवन के लिए उसके उद्गम स्थल ग्राम पटेहरा खुर्द में व्यापक जनसहभागिता के साथ श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांसद डॉ. राजेश मिश्रा एवं विधायक रीती पाठक की अगुवाई में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान कर जल संरक्षण का मजबूत संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान नदी के उद्गम स्थल की साफ-सफाई, गहरीकरण एवं जल प्रवाह को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से सामूहिक रूप से कार्य किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता ने इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान किया।

सांसद डॉ. मिश्रा ने कहा कि जल केवल एक प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन और सभ्यता का आधार है। उन्होंने कहा कि आज जब जल संकट विश्व स्तर पर एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है, ऐसे समय में जल गंगा संवर्धन अभियान जैसे प्रयास अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'जल संरक्षण जन आंदोलन' के आह्वान का उल्लेख करते हुए कहा कि देशभर में जल बचाने और जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने की दिशा में व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। उसी प्रेरणा से प्रदेश और जिला स्तर पर भी इस प्रकार के अभियान चलाए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य केवल वर्तमान ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

सांसद ने कहा कि नदियों का पुनर्जीवन, तालाबों का संरक्षण, वर्षा जल संचयन और भूजल स्तर को बढ़ाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे जल का विवेकपूर्ण उपयोग करें, अनावश्यक व्यय से बचें और अपने-अपने क्षेत्रों में जल संरचनाओं के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जब जनप्रतिनिधि, प्रशासन और आमजन एक साथ मिलकर कार्य करते हैं, तो किसी भी लक्ष्य को हासिल करना कठिन नहीं होता। आज का यह श्रमदान उसी एकजुटता और जनशक्ति का प्रतीक है।

विधायक पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान इसी सोच का परिणाम है, जिसका उद्देश्य पारंपरिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करना और जल संकट से स्थायी समाधान की दिशा में आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि सूखा नदी का पुनर्जीवन केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के भविष्य से जुड़ा हुआ प्रयास है। इससे न केवल जल उपलब्धता बढ़ेगी, बल्कि कृषि, पशुपालन और पर्यावरण संतुलन को भी मजबूती मिलेगी।

विधायक ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे इस अभियान को केवल एक कार्यक्रम न मानें, बल्कि इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि हर घर, हर खेत और हर गांव में जल संरक्षण के छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं।

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी नागरिकों को जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाते हुए संकल्प दिलाया कि वे जल की एक-एक बूंद की महत्ता को समझेंगे और उसके संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

इस अवसर पर जनपद सदस्य नीतू सिंह, सरपंच सोनिया रावत, विश्वबंधुधर द्विवेदी, मनीला सिंह, पंकज पाण्डेय, पुष्पराज सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, अपर कलेक्टर बी.पी. पाण्डेय, सीईओ जनपद चंदूलाल पनिका सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी श्रमदान कर अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाई।

## स्वैच्छिक संगठनों के सशक्तिकरण हेतु 'पंख' कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय बैठक संपन्न



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा स्वैच्छिक संगठनों के सशक्तिकरण के उद्देश्य से दृष्टि योजना अंतर्गत 'पंख' कार्यक्रम आरंभ किया गया है। इसी क्रम में जिले में विभिन्न सामाजिक विषयों पर कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों के कार्यों को विस्तार देने और उनके क्रियान्वयन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला पंचायत सभागार में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सीधी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने सभी स्वैच्छिक संगठनों से जल गंगा संवर्धन अभियान, नशामुक्त भारत अभियान, बाल विवाह उन्मूलन सहित अन्य सामाजिक विषयों पर सक्रिय भूमिका निभाने तथा शासन की योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार का आह्वान किया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जिले में कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों की एक जिला स्तरीय डायरेक्टरी तैयार किए जाने का प्रस्ताव है।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र के समक्ष पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात जिला समन्वयक मुकेश कुमार गौर ने बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए परिषद की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में चिन्हित स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी संस्थाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी साझा की। साथ ही विभिन्न शासकीय विभागों से आए अधिकारियों ने अपने विभाग की प्रमुख योजनाओं से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन विकासखंड समन्वयक रजनीश मिश्रा ने किया तथा आभार प्रदर्शन अनिल कुमार पाठक द्वारा किया गया। बैठक में जिले के विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नवीन बस स्टैंड की व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने शहर के नवीन बस स्टैंड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बस स्टैंड परिसर में साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। साथ ही बसों के सुव्यवस्थित संचालन के लिए गंतव्यवार पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि यात्रियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कलेक्टर ने ऑटो पार्किंग को निर्धारित स्थान पर व्यवस्थित करने तथा यातायात को सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड पर नागरिक सुविधाओं का विस्तार किया जाए और यात्रियों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क स्थापित की जाए, जिससे उन्हें आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन सहज रूप से मिल सके।

इसके साथ ही कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट परिसर में निर्माणाधीन डिजिटल लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रिया पाठक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत 09 मई को, जलकर एवं विद्युत प्रकरणों में विशेष छूट का लाभ

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागलाल दिनकर के मार्गदर्शन में वर्ष की दूसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 09 मई 2026 को जिला न्यायालय सीधी सहित सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन एवं मझौली में किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया जाएगा, जिससे समय एवं धन की बचत के साथ मानसिक शांति भी प्राप्त होती है।

इस दौरान न्यायालयों में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों का निपटारा किया जाएगा, जिनमें आपराधिक, सिविल, चेक बाउंस, वैवाहिक एवं पारिवारिक, विद्युत अधिनियम तथा धन वसूली से संबंधित प्रकरण शामिल हैं।

विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत निम्नदाब श्रेणी के घरेलू, कृषि, 5 किलोवाट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्वशक्ति तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को विशेष छूट प्रदान की जाएगी। प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व राशि में 30 प्रतिशत तथा लिटिगेशन स्तर पर 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके अतिरिक्त देय राशि के भुगतान में विलंब पर लगने वाले ब्याज पर 100 प्रतिशत की छूट भी प्रदान की जाएगी। हालांकि सामान्य विद्युत देयकों के बकाया पर कोई छूट लागू नहीं होगी। यह लाभ केवल 09 मई 2026 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में समझौते की स्थिति में ही मिलेगा। नगरीय निकाय अंतर्गत संपत्तिकर एवं जलकर के प्रकरणों में भी अधिभार पर विशेष छूट प्रदान की गई है। संपत्तिकर में 50 हजार रुपये तक के बकाया पर 100 प्रतिशत, 50 हजार से एक लाख रुपये तक पर 50 प्रतिशत तथा एक लाख रुपये से अधिक बकाया पर 25 प्रतिशत अधिभार में छूट दी जाएगी।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी में संविदा वाहन चालक पद हेतु आवेदन आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी में बहुउपयोगी वाहन हेतु संविदा वाहन चालक ड्राइवर के 01 पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने की प्रारम्भ तिथि 17 अप्रेल एवं आवेदन करने की अंतिम तिथि 04 मई सायं 5:00 बजे तक इच्छुक आवेदकगण अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में घोषणा पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की स्वाप्रमाणित छायाप्रति सहित अंतिम तिथि 04 मई तक कार्यालयीन समय सांय 5:00 बजे के पूर्व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी पिन नं. 486661 पर स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है।

## रामपुर नैकिन में संपर्क कक्षा आयोजित, जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जल स्रोत सेवा समागम कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत विकासखंड रामपुर नैकिन में संचालित संपर्क कक्षा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिषद के शासी निकाय के सदस्य कृष्णकांत द्विवेदी एवं जिला समन्वयक मुकेश कुमार गौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आयोजित सामूहिक सत्र में द्विवेदी ने छात्रों को अपने प्रयोगशाला ग्रामों में सामाजिक जुड़ाव के कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से छात्रों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है और वे समाज के प्रति जिम्मेदार बनते हैं। साथ ही उन्होंने मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं जनकल्याणकारी अभियानों में सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया। इस अवसर पर छात्रों को अध्ययन सामग्री भी वितरित की गई। कार्यक्रम के पश्चात ग्राम भीतरी में जल संरक्षण के उद्देश्य से जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ किया गया, जो ग्रामीणों को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने में सहायक होगा।

## सिंगरौली में 15 करोड़ की डकैती, 3 बड़ी लापरवाही: बैंक में गार्ड नहीं, पुलिस 20 मिनट लेट पहुंची; चेक पॉइंट पर भी नहीं रोके गए बदमाश

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** मध्य प्रदेश के सिंगरौली में 15 करोड़ की डकैती मामले में पुलिस ने एक आरोपी कमलेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। उसे 8 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। हालांकि, सोना और पूरी रकम बरामद नहीं की जा सकी है। वहीं, चार अन्य फरार आरोपियों की पहचान कर ली गई है। एसपी मनीष खत्री ने बताया कि मुख्य आरोपी फंटूश उर्फ ननकी बिहार के नालंदा जिले का निवासी है। तीसरा आरोपी राजेश कुमार झारखंड के गिरिडीह जबकि चौथा आरोपी पंकज शर्मा पश्चिमी सिंहभूम जिले का रहने वाला है। पांचवें आरोपी छोटू (19) का स्थायी पता अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। एसपी खत्री ने बताया कि उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की 10 विशेष टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। बता दें, शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे बैढ़न स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र से 5 हथियारबंद बदमाश करीब 10 किलो सोना और 20 लाख कैश लेकर भाग गए थे। सोने की कीमत करीब 15 करोड़ आंकी गई है।

**ब्रांच 2018 में खुली, पर गार्ड कभी नहीं रखा:** विंध्य नगर क्षेत्र की एक किराए की बिल्डिंग में 2018 में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की छोटी ब्रांच खोली गई थी। यहां सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। बैंक में मैनेजर, डिप्टी मैनेजर, कैशियर और एक चपरासी की ड्यूटी सुबह 9 बजे से शाम करीब 4 बजे तक रहती है। बबलू शुक्ला बताते हैं कि 2018 से ही वह बैंक के ग्राहक हैं। इस दौरान कभी गार्ड नहीं देखा। जोनल ऑफिसर ओंकार प्रसाद ने बताया कि पहले बैंक में गार्ड रखने की व्यवस्था थी। बाद में मैनेजमेंट ने अपना प्रॉफिट दिखाने और खर्च कम करने के लिए गार्ड की नियुक्ति बंद कर दी। हालांकि, एटीएम में गार्ड की व्यवस्था होती है।

**सूचना के बाद 20 मिनट देरी से पहुंची पुलिस:** फोर लेन पर स्थित बैंक से थाना करीब डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर है। थाने से बैंक तक आने में करीब 7-8 मिनट लगते हैं। इसके बावजूद डकैती की सूचना पर पुलिस को यहां पहुंचने में करीब 20 मिनट लगे। वारदात के बाद 1 बजकर 10 मिनट पर पुलिस को सूचना मिल गई थी, लेकिन यहां 12 बजकर 30 मिनट पर पहुंची। नतीजा, बदमाश आसानी से भागने में सफल रहे।

## अवैध बीज विक्रय पर प्रशासन की सख्त कार्यवाही, आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले में कृषि आदानों की कालाबाजारी पर रोक लगाने एवं किसानों को गुणवत्ता युक्त बीज, खाद और कीटनाशक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। कलेक्टर के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में ग्राम महखोर के कृषकों से प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पाया गया कि हेमंत सिंह, निवासी ग्राम सुरहा, थाना अदलहाट, जिला मिर्जापुर (उ.प्र.) द्वारा बिना वैध लाइसेंस के अवैध रूप से धान का बीज विक्रय किया जा रहा था।

सूचना मिलते ही कृषि विभाग के अनुविभागीय अधिकारी एवं बीज निरीक्षक पी.एल. कुशवाहा मौके पर पहुंचे और जांच के दौरान अवैध बीज जब्त कर पंचनामा तैयार किया। इसके बाद मड़वास थाने में आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत लाइसेंसी विक्रेताओं से ही प्रमाणित बीज क्रय करें और किसी भी प्रकार के अवैध विक्रय की सूचना तत्काल विभाग को दें।

### झगरहा में अटल ग्राम सुशासन भवन का लोकार्पण, गांव में सुशासन को मिलेगी नई मजबूती

# सुशासन भवन से गांव के विकास और जनसेवाओं को मिलेगी नई गति: विधायक



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले के जनपद सीधी के ग्राम पंचायत झगरहा में 37.49 लाख रुपये की लागत से निर्मित अटल ग्राम सुशासन भवन (पंचायत भवन) का लोकार्पण विधायक सीधी रीती पाठक द्वारा रविवार को किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित ग्रामवासियों से आत्मीय संवाद करते हुए विकास कार्यों की जानकारी साझा की और ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं।

लोकार्पण के दौरान विधायक पाठक ने कहा कि अटल ग्राम सुशासन भवन केवल एक भवन नहीं, बल्कि गांव में सुशासन की सशक्त व्यवस्था का केंद्र बनेगा। इसके माध्यम से पंचायत स्तर पर शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि अब ग्रामीणों को विभिन्न प्रमाण पत्र, योजनाओं की जानकारी और अन्य शासकीय सेवाओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, बल्कि एक ही स्थान पर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है और गांवों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में आधारभूत संरचनाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है, जिससे ग्रामीण अंचलों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क और डिजिटल सेवाओं की पहुंच मजबूत हुई है।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लें और अपने गांव के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं। साथ ही स्वच्छता, जल संरक्षण, नशामुक्ति और सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर मिलकर कार्य करने का भी आह्वान किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों को श्रीफल एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, जिला पंचायत सदस्य सरस्वती बहेलिया, सरपंच निशा पाण्डेय, उपखंड अधिकारी गोपद बनास राकेश शुक्ला, सीईओ जनपद चंदूलाल पनिका सहित के.के. तिवारी, विश्वबंधु धर द्विवेदी, राजेश कुमार द्विवेदी, पंकज पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, पुष्पराज सिंह सहित गणमान्य जन एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीधी के जंगल में भीषण आग, खजुरी में 15 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित; 4 घंटे की मशक्कत के बाद 80' आग पर काबू



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले के ग्राम खजुरी के जंगल में सोमवार सुबह भीषण आग लग गई। इस आग से करीब 15 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ। चार घंटे से अधिक की मशक्कत के बाद आग के 80 प्रतिशत हिस्से पर काबू पा लिया गया है। यह आग सुबह लगभग 10 बजे अज्ञात कारणों से लगी और देखते ही देखते इसने विकराल रूप धारण कर लिया। दोपहर 2 बजे तक भी आग पूरी तरह नियंत्रित नहीं हो पाई थी, जिससे वन विभाग और स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई। घटना की जानकारी गांव के निवासी पुष्पेंद्र शर्मा ने वन विभाग के सीधी स्थित कंट्रोल रूम को दी। सूचना मिलते ही वनपाल पंकज मिश्रा के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। आग बुझाने के अभियान में 12 पुलिसकर्मियों की एक टीम, फायर ब्रिगेड और 10 से अधिक ग्रामीण भी शामिल हुए। आग पर काबू पाने के लिए पारंपरिक और स्थानीय तरीकों का इस्तेमाल किया गया। वन विभाग के कर्मचारियों और ग्रामीणों ने मिलकर पेड़ों के आसपास से सूखे पत्तों को हटाया ताकि आग आगे न फैले। इसके साथ ही, हरे पेड़ों की टहनियों का उपयोग कर लपटों को दबाने का प्रयास किया गया।

**प्रयास से 80% आग पर काबू पाया:** वनपाल पंकज मिश्रा ने बताया कि लगातार प्रयासों के कारण लगभग 80 प्रतिशत आग पर नियंत्रण पा लिया गया है। शेष हिस्से में भी तेजी से आग बुझाने का काम जारी है। उन्होंने आगे कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य जंगल के एक-एक पेड़ को बचाना है, जिसके लिए पूरी टीम समर्पण के साथ काम कर रही है।

# मानव हित सर्वोपरि : नैतिकता अनुरूप हो कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग

संपादकीय

हमारे समाज के बुद्धिजीवी, अध्यात्मिक व सामाजिक चिंतक गाहे-बगाहे कृत्रिम बुद्धिमत्ता से मानवीय मूल्यों के क्षरण पर लगातार चिंता जताते रहे हैं। अब इस चिंता पर पोप लियो 14 की स्वीकारोक्ति ने मोहर लगायी है। उन्होंने आशंका जतायी है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता से वैश्विक ध्रुवीकरण, संघर्ष, भय और हिंसा को बढ़ावा मिल सकता है। उनके इस बयान ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। ऐसे वक्त में जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता को सुविधा, गति व नवाचार के लिये सराहा जा रहा है, पोप ने चेताया है कि नैतिकता के बिना प्रौद्योगिकी घातक साबित हो सकती है। इसमें दो राय नहीं कि मूल रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता बुरी नहीं है, लेकिन यह तटस्थ भी नहीं है। निस्संदेह, इसका प्रभाव इस बात पर निर्भर करता कि संस्थान व सरकारें इसे कैसे डिजाइन करती हैं और कैसे इसका उपयोग करती हैं। हाल की कुछ घटनाओं ने इन चिंताओं की पुष्टि भी की है। विभिन्न देशों के लोकतांत्रिक चुनाव में कृत्रिम बुद्धिमत्ता से निर्मित डीपफेक और क्लोन की गई आवाजों का प्रयोग झूठे विमर्शों को फैलाने, मतदाताओं को भ्रमित करने में किया गया। जिससे दुनिया में लोकतांत्रिक संस्थानों के प्रति जनता का भरोसा डिगा है। यह खतरनाक है कि साइबर ठगों ने क्लोनिंग उपकरणों के जरिये आवाज का उपयोग परिवार के सदस्यों व अधिकारियों के रूप में किया है। इसके जरिये साइबर अपराधियों ने पूरी दुनिया में लाखों लोगों की जीवन भर की पूंजी तक लूटी है।

विडंबना है कि जिस कार्य को अब तक तकनीकी-कौशल व संसाधनों के जरिये किया जाता था, वह तकनीक से अब आसानी व बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग भ्रामक सूचनाओं के लिये ही नहीं किया जा रहा है। आशंका है कि उन्नत एआई के जरिये वित्तीय प्रणालियों और साइबर सुरक्षा को खतरा पैदा किया जा सकता है। चिंता है कि शक्तिशाली एआई तकनीक से वित्तीय व्यवस्था की कमजोर कड़ियों को निशाना बनाया जा सकता है। जिसे पकड़ना नियामक संस्थाओं के लिये मुश्किल होगा। ये स्वचालित हमले बैंकिंग नेटवर्क में धोखाधड़ी करने में सक्षम हो सकते हैं। जो हमारी डिजिटल दुनिया से भी आगे घातक प्रभाव डाल सकते हैं। जिससे देशों में वित्तीय संकट पैदा हो सकते हैं। भुगतान व्यवस्था में व्यवधान व विश्वास से छल तथा राजनीतिक दुष्प्रचार से समाज में अस्थिरता पैदा हो सकती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के पर्यावरणीय घातक प्रभाव भी कम नहीं हैं। एआई के विस्तार के लिये विशाल डेटा केंद्रों, कोबाल्ट व लिथियम जैसे खनिजों की खुदाई की जरूरत होती है। जिसके लिये भारी पर्यावरणीय व मानवीय लागत की जरूरत होती है।

## नारी सम्मान की पुकार में विपक्ष की पराजय और संघर्ष में भी विजय का विश्वास

**कांतिलाल मांडोत**

देश की राजनीति के वर्तमान दौर में महिला आरक्षण और परिसीमन का मुद्दा केवल एक विधायी प्रक्रिया नहीं बल्कि जनभावनाओं और राजनीतिक दृष्टिकोण का आईना बनकर सामने आया है इस पूरे घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कौन वास्तव में नारी सशक्तिकरण के साथ खड़ा है और कौन इस विषय को केवल राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल कर रहा है। संसद में जो कुछ हुआ और उसके बाद जिस प्रकार से बयानबाजी और रणनीतियां सामने आई उसने लोकतंत्र की परिपक्वता और दलों की मंशा दोनों को उजागर कर दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस पीड़ा और प्रतिबद्धता के साथ देश को संबोधित किया वह केवल एक नेता का वक्तव्य नहीं बल्कि एक जिम्मेदार नेतृत्व का संकेत था। उन्होंने यह स्वीकार किया कि महिला आरक्षण विधेयक पारित न हो पाने का उन्हें दुख है, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह संघर्ष यहीं समाप्त नहीं होगा बल्कि और अधिक दृढ़ता के साथ आगे बढ़ेगा यह दृष्टिकोण जनता के भीतर विश्वास पैदा करता है कि प्रयास सच्चे हैं और दिशा स्पष्ट है।

विपक्षी खेमे मेराहुल,प्रियंका और सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे जैसे नेताओं की बैठकों और प्रेस वार्ताओं ने यह दर्शाया कि वे इस मुद्दे को जनहित की बजाय राजनीतिक अवसर के रूप में अधिक देख रहे हैं ।महिला आरक्षण जैसे संवेदनशील विषय पर स्पष्ट और ठोस समर्थन देने के बजाय उन्होंने शर्तों और संशोधनों की बात कर अपने रुख को कमजोर किया है। यह जनता के सामने उनकी प्राथमिकताओं को उजागर करता है।

यह भी महत्वपूर्ण है कि विपक्ष अब यह कह रहा है कि पुराने विधेयक को वर्तमान सीटों पर लागू किया जाए लेकिन जब अवसर था तब उन्होंने उसी विधेयक को समर्थन क्यों नहीं दिया। यह प्रश्न आज भी अनुत्तरित है। जनता इस विरोधाभास को भलीभांति समझ रही है और यह स्थिति विपक्ष की विश्वसनीयता को कमजोर करती है।

परिसीमन के मुद्दे पर भी जिस प्रकार से भ्रम फैलाने की कोशिश की गई वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ न्याय नहीं है यह एक संवैधानिक व्यवस्था है जिसका उद्देश्य प्रतिनिधित्व को संतुलित करना है। लेकिन इसे क्षेत्रीय असंतुलन और राजनीतिक नुकसान के रूप में प्रस्तुत करना केवल जनता को भ्रमित करने का प्रयास प्रतीत होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने वक्तव्य में इस भ्रम को दूर करने का प्रयास किया और यह स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया सभी राज्यों के लिए समान रूप से लागू होती है।


इस पूरे घटनाक्रम में भाजपा और एनडीए की रणनीति अधिक स्पष्ट और संगठित दिखाई देती है जहां एक ओर वे संसद में अपने प्रयासों के माध्यम से विधेयक को पारित कराने की कोशिश कर रहे थे। वहीं दूसरी ओर अब वे जनता के बीच जाकर इस विषय को समझाने का संकल्प ले रहे हैं। यह सक्रियता और आत्मविश्वास यह दर्शाता है कि वे इस मुद्दे को केवल राजनीतिक लाभ के लिए नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन के रूप में देखते हैं। विपक्ष द्वारा देशभर में अभियान चलाने और सरकार के खिलाफ वातावरण बनाने की बात यह दर्शाती है कि वे संसद में अपनी भूमिका को प्रभावी ढंग से निभाने में असफल रहे अब वे सड़कों पर संघर्ष के माध्यम से अपनी स्थिति को मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं ,लेकिन आज की जागरूक जनता केवल नारों और आरोपों से प्रभावित नहीं होती वह कार्य और नीयत दोनों को परखती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में जिस प्रकार से परिवारवाद और स्वार्थी राजनीति का उल्लेख किया वह भारतीय राजनीति की एक पुरानी समस्या की ओर संकेत करता है ।जब निर्णय समाज के व्यापक हित की बजाय कुछ परिवारों के हित में लिए जाते हैं, तब विकास और समान अवसर बाधित होते हैं ।महिला आरक्षण जैसे विषय ऐसे ढांचे के लिए चुनौती बनते हैं क्योंकि यह नई नेतृत्व क्षमता को जन्म देता है और सत्ता के केंद्रीकरण को तोड़ता है।

# महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व में समान भागीदारी कब ?

**महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व में समान भागीदारी देने के उद्देश्य से पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण कानून) भारतीय लोकतंत्र में एक ऐतिहासिक कदम माना गया। लेकिन यह सवाल स्वाभाविक है कि जब यह कानून संसद से पारित हो चुका है, तो इसका असर अभी तक ज़मीनी स्तर पर क्यों नहीं दिख रहा। दरअसल, इस अधिनियम के लागू होने में देरी का कारण इसकी संरचना और उससे जुड़ी शर्तें हैं। देश की संसद में 31वां संशोधन बिल लोकसभा में गिर गया जो कि बहुत ही निराशाजनक है। संसद के विशेष सत्र में लंबी चली बहस में मतभेदों के सुर के आलावा आपसी राजनीति के आलावा कुछ समझ नहीं आया। ज्ञात रहे कि सरकार को इस संशोधन बिल को पास करवाने के लिए दो-तिहाई वोटों की जरूरत थी। लेकिन पक्ष में सिर्फ 298 वोट पड़े।**

**सौरभ वार्ष्णेय**



विरोध में 230 वोट पड़े, जो दो तिहाई से बहुत कम हैं। इस बिल को पास करवाने की नरेंद्र मोदी सरकार की हर कोशिश नाकाम साबित हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अंतरआत्मा की आवाज सुनने वाली अपील भी कुछ खास असर नहीं दिखा पाई। अब सवाल यह है कि अब नहीं तो महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण कब मिलेगा ? जब सितंबर 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद से पास होकर उसका नोटिफिकेशन हो चुका है तो पहले आगामी चुनाव में इसे लागू कर देते और संशोधन बिल लाते रहते ? जब इसे अभी लागू ही नहीं किया तो संशोधन बिल लाने की क्या जरूरत पड़ी। महिलाओं के लिए कोटा 2034 से पहले संभव हो पाएगा या फिर बीच की कोई और राह अभी भी निकल सकती है? महिला आरक्षण बिल फिलहाल तो ठंडे बस्ते में चला गया है। ये कह पाना मुश्किल है कि बिल अब कब लागू हो पाएगा? जबकि यह अब कानून बन चुका है। इसे लागू करना हम सब सांसदों की जिम्मेदारी है।

विपक्ष लगातार ओबीसी महिलाओं के अलग कोटे की मांग कर रहा है। वह आरोप लगा रहा है कि बीजेपी महिला आरक्षण का क्रेडिट तो लेना चाहती है लेकिन ओबीसी महिलाओं को वास्तविक राजनीतिक हिस्सेदारी देने से बच रही है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय निकायों में ओबीसी आरक्षण पर फैसलों में कहा है कि कुल आरक्षण 50 प्रतिशत से ज़्यादा नहीं दिया जा सकता और ओबीसी कोटा के लिए समकालीन, भरोसेमंद तथ्यात्मक डेटा ज़रूरी है। यही तर्क राष्ट्रीय स्तर पर भी उठेगा। संसद चाहे तो संविधान में संशोधन कर लोकसभा-विधानसभाओं में ओबीसी वर्ग के लिए राजनीतिक आरक्षण और उसमें से ओबीसी महिलाओं का उप-कोटा तय कर सकती है। भले ही नई जातिगत जनगणना पूरी नहीं हुई हो। संविधान किसी विशेष डेटा स्रोत को अनिवार्य नहीं ठहराता। लेकिन किस जाति समूह को कितना हिस्सा मिलेगा, इसका आधार तय करने के लिए ठोस, नए और राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य जातिगत आंकड़े जरूरी होंगे। वरना अदालतों में इसे मनमाना मानकर चुनौती दी जा सकती है। अब आगे महिलाओं को ही मुखर होकर आगे आना होगा । इन पार्टियों को समझाना पड़ेगा कि आधी आबादी को संसद से क्यों वचिंत रखना चाहते हैं। अब बात करते हैं इसके बीच के रोडे कि जिसमें परिसीमन की शर्त यानी कानून के अनुसार, संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण तभी लागू होगा जब अगली जनगणना के बाद परिसीमन की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। यानी, सीटों की नई सीमाएं तय होने के बाद ही यह आरक्षण लागू होगा। चूंकि अगली जनगणना अभी बाकी है और उसके बाद परिसीमन होना है, इसलिए कानून तुरंत प्रभाव से लागू नहीं हो सकता। दूसरा कारण जनगणना में देरी। 2021 की जनगणना विभिन्न कारणों से टल गई थी। जब तक नई जनगणना नहीं होती, तब तक परिसीमन की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकती। यह देरी सीधे तौर पर महिला आरक्षण के लागू होने को भी टाल रही है। तीसरा कारणः राजनीतिक संतुलन और आशंकाएं यानी परिसीमन के साथ ही राज्यों के बीच सीटों का संतुलन भी बदल सकता है, जिससे खासकर दक्षिण भारत के राज्यों में प्रतिनिधित्व घटने की आशंका जताई जा रही है। इस कारण यह मुद्दा केवल महिला आरक्षण तक सीमित नहीं रह जाता, बल्कि संघीय ढांचे और राजनीतिक संतुलन से भी जुड़ जाता है।चौथा कारणः चरणबद्ध क्रियान्वयन की नीति। सरकार का तर्क है कि इतने बड़े संवैधानिक बदलाव को एक सुव्यवस्थित प्रक्रिया के तहत लागू करना जरूरी है, ताकि किसी भी प्रकार का प्रशासनिक या राजनीतिक असंतुलन न पैदा हो।नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पारित होना निस्संदेह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, लेकिन इसका वास्तविक लाभ तब मिलेगा जब इसे समयबद्ध तरीके से लागू किया जाए। वर्तमान स्थिति यह दर्शाती है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ-साथ प्रशासनिक प्रक्रियाओं को भी तेज करना आवश्यक है, अन्यथा यह कानून केवल कागज़ों तक सीमित रह जाएगा। महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह पहल तभी सार्थक होगी जब वंदन' के साथ प्रतिनिधित्व भी वास्तविकता बने।

# भारतीय शिप ईरान की आई आर जी सी सेना की गोलिबारी निंदनीय

**संजय गोस्वामी**

शनिवार 18 अप्रैल 26 को भारत सरकार के शीर्ष सूत्रों के अनुसार, ईरानी आईआरजीसी ने नौसेना की गनबोटों ने भारतीय ध्वज वाले टैंकरों के पास चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाईं भारतिय दो टैंकर पर आई आर जी सी ने गोली चला दी भारत ने होर्मुज़ स्ट्रेट पर दो भारतीय जहाज़ों पर हुई गोलीबारी की घटना पर गंभीर चिंता जताते हुए देश में ईरान के राजदूत को तलब किया। हालांकि, विदेश मंत्रालय के बयान में समन शब्द का प्रयोग नहीं किया गया, लेकिन यह संकेत दिया गया कि ईरानी राजदूत फाथली को शनिवार शाम जवाहरलाल नेहरू भवन में विदेश सचिव से मिलने के लिए कहा गया था।भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने शनिवार (18 अप्रैल) शाम को भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथली को तलब किया और होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरानी युद्धपोतों द्वारा दो भारतीय जहाजों पर की गई गोलीबारी पर 'गंभीर चिंता' जताई है।

ये घटनाएं ऐसे समय हुई, जब ईरान ने जवाबी कार्रवाई के तौर पर इस महत्वपूर्ण जलडमरूमध्य को फिर से बंद कर दिया है। यह बंदी अमेरिका द्वारा ईरानी बंदरगाहों पर यातायात की निरंतर नाकाबंदी के जवाब में की गई है, जबकि तेहरान ने इस सप्ताह की शुरुआत में वाणिज्यिक यातायात के लिए इस मार्ग को खोलने का निर्णय लिया था वो जो टैंकर था वो तो आप सभी धर्मों के लोगों के लिए था ऐ बहुत ही शर्मनाक घटना है फिर भी यहाँ के लोग उसको सपोर्ट करते हैं गलत है राष्ट्र सर्वोपरि है भारत माता के लिए हमेशा हमें शनिवार 18 अप्रैल 26 को होरमुज़ जलडमरूमध्य में भारत के झंडे वाले दो जहाजों पर हुई फायरिंग ने ईरान की सत्ता संरचना में बढ़ती दरार को उजागर कर दिया है। यह फायरिंग इस बात को लेकर हुई भ्रम के कारण हुई कि शनिवार को होरमुज़ जलडमरूमध्य खुला था या नहीं। जहाँ एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने कहा कि सभी जहाज होरमुज़ जलडमरूमध्य से गुज़र सकते हैं, लेकिन केवल तभी जब वे ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के साथ समन्वय करें, वहीं इसके विदेश मंत्री, अब्बास अराघची ने कहा कि फ़ारस की खाड़ी में यह संकरा रास्ता खुला है, क्योंकि लेबनान में इज़राइल-हिज़्बुल्ला युद्ध के लिए संघर्ष-विराम समझौते पर सहमति बन गई थी। भारत को नेवी शिप भेज कर इसका करारा ज़बाब देना चाहिए भारत 140 करोड़ लोगों का एक लोकतान्त्रिक देश है और भारत ऐसा देश है जो गोली का ज़बाब गोली से देना जानता है भारत के लोग कहीं भी हो अगर हमला हुआ है तो इसे गंभीरता से लेना चाहिए ईरान में सत्ता संघर्ष हो या कुछ भी ऐ एक आतंकवादी घटना है शिप पर भारत का तिरंगा होगा यदि इसे शक्ति से नहीं लिया गया तो आतंकी का हौसला बढ़ेगा और दुनिया में इसे मज़ाक बनाया जाएगा जिससे भारत की छवि धूमिल होगी जब ईरान की नेवी को अमेरिका के हमले से बचाने के लिए कोच्ची में अपना नेवी शिप भेज कर अमेरिका को अपनी ताकत का अहसास करा सकता है तो ऐसा हमला बर्दास्त नहीं है चाहे क़ोई भी हो भारत को इसका करारा ज़बाब देना चाहिए हम भगवान राम के मार्गदर्शन पर चलने वाले मान और मर्यादा से रहने वाला शांति प्रिय देश है तो हमें अपने लोगों की रक्षा का पूर्ण अधिकार है भारत को इसे गंभीरता से लेकर जबाबी कार्यवाही करना चाहिए अमेरिका क्या कर रहा है नहीं कर रहा है ऐ दो देशों का अंदरूनी मामला है इसमें भारत का क़ोई रोल नहीं है भारत एक शान्तिप्रिय देश है और भारत माँ की रक्षा के लिए मर मिटने वाला देश है ऐ हमला बिल्कुल जायज नहीं है इसपर भारत को कड़ा रुख अपनाना चाहिए ईरान की आबादी 9 करोड़ है और भारत की आबादी 140 करोड़ है इसे यदि हल्के में लिया गया तो परोसी दुश्मन मुल्क मज़ाक उड़ा सकता है क्योंकि उसके जहाज आ रहे हैं हम अपनी रक्षा के लिए आत्मनिर्भर हैं आतंकी हमला बर्दास्त नहीं है। भारत परमाणु संपन्न देश है और भारतीयों की रक्षा के लिए भारतीय सेना पूरे विश्व में अव्वल है भारतीय सशस्त्र बल भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के प्रबन्धन के अधीन हैं। 14 लाख से अधिक सक्रिय कर्मियों की शक्ति के साथ, यह विश्व की द्वितीय सबसे बड़ी सैन्य शक्ति है इसलिए भारत को इसका कड़ा जबाब देना चाहिए नहीं तो पाकिस्तान और ईरान दोनों की सीमा सटती है वहाँ से तो आतंकवाद होता रहता है अब यदि धर्म के नाम पर ईरान भी इसी रास्ते चला तो आने वाले समय में आतंकवादी घटना बढ़ेगी लेकिन यहाँ तो एक नारी शक्ति बिल पर राजनीति हो रही जो संसद में पास नहीं हुआ लोकतंत्र है ऐसा होता है इसका सम्मान करना चाहिए हालांकि मुझे भी दुःख है लेकिन अदालत तो संसद के निर्णय को ही सही मानेगी अगर गलत है तो अगले चुनाव में पूर्ण बहुमत दे देना लेकिन राष्ट्र हित में जो निर्णय लिए जाएं वो सही हो इसलिए इस मुद्दे पर कार्यवाही करना चाहिए।

# वृद्ध हमारे समाज का अनुभव समृद्ध भाग, इनकी देखभाल हमारा कर्तव्य

**अमेरिका की समाज व्यवस्था व्यक्तिवादी है। संयुक्त परिवार व्यवस्था नहीं है। अमेरिका में रहने वाले तमाम भारतवासी हमारे परिचित हैं। वे अपने पुत्रों के किस्से सुनाते हुए भावुक हो जाते हैं। आँखें छलछला जाती हैं। ताजा घटना ने मुझे मर्माहत किया है। मेरे एक मित्र के दोनों पुत्र परिवार सहित अमेरिका में कार्यरत हैं। जीवन के अंतिम दिनों में पत्नी के साथ अकेले रह गए। बीमारी के समय न तो संतानें साथ थीं और न उचित देखभाल का सहारा मिला। निधन के उपरांत एक पुत्र और दूसरे की पत्नी औपचारिक रूप से आए। किंतु अंतिम संस्कार तक में वह श्रद्धा परंपरा का भाव नहीं। अस्पताल से सीधे श्मशान ले जाकर बिना विधि-विधान के अंत्येष्टि कर दी गई। घर तक लाना आवश्यक नहीं समझा गया। घटना बदलते पारिवारिक मूल्यों और वृद्धों की उपेक्षा का मार्मिक उदाहरण है।**

**हृदयनारायण दीक्षित**

मृत्यु जीवन का अंत है। वृद्धावस्था जीवन ऊर्जा का अवसान है। क्या मृत्यु दुख देती है या नहीं देती? यह प्रश्न अनुत्तरित है। मृत्यु का अनुभव अज्ञात है लेकिन वृद्धावस्था के कष्ट सर्वविदित हैं। बुद्ध की कथा में भी वृद्ध दर्शन की अनुभूति है। ऋग्वेद में 100 शरद् जीवन की स्तुति है। इस स्तुति में 'पश्येम शरदः शतं-100 वर्ष देखने की भी इच्छा है। दीनहीन न होने की भी स्तुति है। वृद्धावस्था में दृष्टि सहित अधिकांश इन्द्रियां काम नहीं करती। बुढ़ापे के कष्टों की ओर वैदिक समाज का ध्यान गहरा है। जीवन अमूल्य है। वृद्ध हमारे समाज का अनुभव समृद्ध भाग हैं। उनके जीवन को कष्टरहित बनाना समाज का कर्तव्य है। वृद्धों की सेवा उनके पुत्रों-पौत्रों का प्रथम वरीयता वाला दायित्व है। यह राष्ट्र राज्य का भी कर्तव्य है। राष्ट्र राज्य सतर्क है। इस पर कानून भी है लेकिन समाज इस महत्वपूर्ण समस्या पर सजग व सतर्क नहीं है।

भारतीय समाज जीवन संयुक्त परिवारों में विकसित हुआ है। ऐसे परिवारों के सुख-दुख साझा रहे हैं। वृद्ध अपने बड़े परिवारों में आनंदित रहते हैं लेकिन अब संयुक्त परिवारों की परंपरा टूट गई है। सब एकाकी रहना चाहते हैं। वृद्ध अकेले हो रहे हैं। वे उपयोगी नहीं माने जाते। वे अशक्त हैं। आधुनिक उपयोगितावाद के कारण वृद्धावस्था के शारीरिक कष्टों में अब मानसिक संताप भी जुड़ गए हैं। ज्यादातर वृद्ध मानसिक अवसाद में हैं। संवेदनाएं



कुचालक हो रही हैं।

सभी प्राणी काल के भीतर है। मनुष्य भी। जन्म और शैशव ऊषाकाल है। बचपन संभावनाओं का बीज है। संभावना का बीज फूटता है। जीवन ऊर्जा से भरी-पूरी तरूणाई आती है। तरूणाई भी स्थिर नहीं है। 40-50 शरद् पूर्णिमा आई, गई। जीवन का संध्या काल आया। ऊर्जा घटी, शरीर टूटा। प्राचीन कवि बता गए है-शीर्यते इति शरीरं। जो शीर्ण होता रहता है, वह शरीर है। शरीर सतत् क्षरणशील है। 60 वर्ष के आसपास आ जाती है वृद्धावस्था। आयुर्वेद के ग्रंथ शारंगधर संहिता में मनुष्य शरीर के क्षरण का सुंदर उल्लेख है। लिखा है कि प्रत्येक 10 वर्ष बाद भाव ह्रास के लाक्षणिक परिवर्तन आते हैं। जीवन के पहले 10 वर्ष में मनमौजी वाल्यावस्था का ह्रास होता है। फिर अगले 10 वर्ष में वृद्धि का ह्रास होता है। वृद्धि रूक जाती है। फिर अगले 10 वर्ष में कान्ति चेहरे की दीप्ति का ह्रास, फिर आगे के 10 वर्ष में धारणा का ह्रास होता है। 5वें दशक में सौन्दर्य का ह्रास और छठे में दृष्टि का ह्रास बताया गया है। 7वें दशक में ऊर्जाबल का ह्रास, फिर पराक्रम और बुद्धि का ह्रास होता है। '

आधुनिक विज्ञान ने इस ह्रास को घटाया है लेकिन प्रकृति के नियम अपना काम करते ही हैं। वृद्ध होना सबकी नियति है। बुढ़ापा अभिशाप नहीं है। वृद्धों के पास संसार के जीवन्त अनुभवों का कोष होता है। अनुभव का कोष महत्वपूर्ण है। वृद्ध के पास दिशा होती है, युवक के पास गति और ऊर्जा। वृद्धों के दिशा दर्शन में ही युवकों की गति उपयोगी है। माता-पिता भी मार्गदर्शक संरक्षक होते हैं। वे न होते तो हम न होते। ऋग्वेद में पृथ्वी माता है, आकाश पिता है। इस उदाहरण में विराट पृथ्वी और अनंत आकाश की तुलना माता-पिता से की गई है। माता-पिता से हमारे अंतर्सम्बंध एकात्म है। वे जनक है। वे हमारा भविष्य संवारने में जुटे दो देव हैं। वे प्रतिपल प्यार और शुभांशंसा उड़ेलने वाले शक्ति केन्द्र हैं। उनका आदर और सम्मान हमारा कर्तव्य है। ऋषि की इच्छा है कि हम पृथ्वी को मां जैसी और आकाश को पिता जैसी प्रतिष्ठा दें। ऋग्वेद (10.22.3) में इन्द्र से कहते हैं ''जैसे पिता अपने पुत्र को संरक्षण देता है आप हमें वैसे ही संरक्षण दें- पिता पुत्रमिव प्रियम्।'' यहां पिता का संरक्षण सबसे बड़ा है। ऋषि की कामना है कि इन्द्र भी उसे पिता जैसा संरक्षण दें। हाथ पकड़े रहें, हम गिरे तो वे तत्काल उठा लें। एक अन्य मंत्र में इन्द्र से प्रार्थना है कि आप हमें पिता की तरह बुद्धि दें-प्रमतिपितेव। इन्द्र ज्ञानी हैं। यह समाज की मान्यता है लेकिन पिता द्वारा दी गई बुद्धि की बात ही दूसरी है। ऋषि पिता की बुद्धि को श्रेय जानता है। देव सामाजिक मान्यता हैं। पिता यथार्थ हैं। प्रत्यक्ष संरक्षक व सुखदाता है। सोम से स्तुति है, ''हमें वैसे ही सुखी रखो, जैसे पिता पुत्र को सुखी रखता है।' सुख कई तरह का होता है। प्रिय का मिलन सुख है। प्रकृति की अनुकूलता सुख है। इच्छा का पूरा होना भी सुख है लेकिन ऋषि पिता द्वारा दिए गए सुख से सराबोर है। माता-पिता बचपन में पोषण देते हैं, पढ़ाते हैं-सिखाते हैं। वे स्वयं की चिन्ता नहीं करते अपना भविष्य नहीं देखते। हम सबके सुखद भविष्य का तानाबाना बुनते हैं। हम तरूण होते हैं, पिता वृद्ध होते हैं। हम तरूणाई से और परिपक्व होते हैं, पिता और वृद्ध होते हैं। जब हम तेज रफ्तार जीवन की गतिशीलता में होते हैं, तब माता-पिता उठते ही गिर पड़ते हैं। वे बचपन में हमको गिरने से बचाते थे। ऋषि को स्मृति में ऐसे तमाम प्रसंग हैं। एक ऋषि अग्नि से स्तुति करते हैं, ''हमें वैसे ही उछालो जैसे हमारे पिता हमको उछालते थे।'' बचपन में माता-पिता हमको उछालते थे। हम उनकी गोद में गिरते थे। खिलखिलाते-हंसते थे। क्या उन्हें हम उनकी वृद्धावस्था में अपनी गोद में बैठा सकते हैं?

अधिकांश वृद्ध माता-पिता जीवन की सांझ में निराश हैं। पुत्र अपने काम में व्यस्त हैं। माता-पिता अकेले हैं। कुछेक को दवा-भोजन मिलता है लेकिन प्रेम नहीं। उन्हें वृद्धावस्था में संरक्षण की जरूरत है। लेकिन कमाऊ पुत्र डांट रहे हैं, वृद्ध व्यथित हैं। सरकारें वृद्धाश्रम बना रही हैं। यह राष्ट्रव्यापी समस्या है। इसका उपचार प्राचीन संस्कृति और वैदिक सभ्यता है। भारत के अपने इतिहास में माता-पिता के आदर व श्रद्धा वाला संस्कारी समाज था। वैसा ही संस्कारी समाज बनाने के लिए माता-पिता का संरक्षण पाना और वृद्धावस्था में उन्हें संरक्षण देना कोई बड़ा काम नहीं है। यह सांस्कृतिक प्रश्न है। सामाजिक प्रश्न है और पारिवारिक आनंद की प्राप्ति का मार्ग भी है।

### करैरा तेरे डैडी का नहीं एसडीओपी... भाजपा विधायक की चेतावनी

# औकात में रहें, बेटा आएगा और चुनाव भी लड़ेगा; बेटे ने 5 पर चढ़ाई थी थार : भाजपा विधायक

**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी ( निप्र )।** शिवपुरी के पिछोर से विधायक प्रीतम लोधी ने करैरा एसडीओपी आयुष जाखड़ को चेतावनी देते वीडियो जारी किया। बेटे दिनेश लोधी के थार एक्सीडेंट मामले में पूछताछ और करैरा में न दिखने की बात पर प्रीतम ने कहा, 'करैरा तेरे डैडी का नहीं है एसडीओपी'। एसडीओपी ने कहा कि नियमानुसार पूछताछ, ब्लैक फिल्म-हूटर पर चालान और ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की गई है।





प्रीतम लोधी बोले- कानून के दायरे में काम करें

रविवार देर शाम जारी वीडियो में प्रीतम लोधी एसडीओपी पर भड़के नजर आए। उन्होंने कहा, करैरा आएगा और चुनाव भी लड़ेगा। अगर तेरे डैडी में दम हो तो रोक लेना। अधिकारी अपनी औकात में रहें और कानून के दायरे में काम करें। कानून हमें भी आता है। विधायक ने आरोप लगाया कि बेटे की दुर्घटना को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया, जबकि पहले कई मामलों में पूछताछ नहीं हुई।

उन्होंने कहा गाड़ी भिजवाओ, हमने गाड़ी भिजवाई

प्रीतम बोले- एसपी साहब से कहा कि इसमें कायमी कराइए, हमने कायमी कराई। उन्होंने कहा गाड़ी भिजवाओ, हमने गाड़ी भिजवाई, गाड़ी की जमानत कराई। फिर उन्होंने कहा- लड़के दिनेश को भिजवाओ, तो हमने दिनेश को भिजवाया, लेकिन एसडीओपी करैरा ने जो बात कही है, वो मेरे गले नहीं उतर रही है।

प्रीतम बोले- तुम वहां जाते हो जहां पैसा मिलता है

प्रीतम ने कहा- आज एक आदिवासी महिला कुचल के मारी गई है। मैं पूछना चाहता हूं कि तुम (एसडीओपी) स्पॉट पर गए? तुमने जांच की? नहीं की। क्योंकि वो गरीब थी। वहां तुम्हें पैसा नहीं मिलना था। गरीब कोई पैसा नहीं दे सकता, उनकी तुमने हेल्प नहीं की। तुम तो वहां जाते हो जहां पैसा मिलता है।

कानून हमको भी आता है। कानून हम भी जानते हैं, लेकिन इन्होंने क्या है, कांग्रेसीकरण कर दिया। उसको इतना हाइलाइट कर दिया कि ऐसा लग रहा था जैसे कोई ने घटना कर दी हो। अभी ऐसे बहुत से एक्सीडेंट हैं, एक-एक, दो-दो साल हो गए, अभी तक उनकी पूछताछ नहीं हुई, पेंडिंग में पड़े हैं।

बेटे ने 16 अप्रैल को थार से बाइक और महिलाओं को टक्कर मारी थी

16 अप्रैल सुबह 7:30 बजे संजय परिहार अपने साथियों के साथ बाइक से करैरा जा रहे थे। आगे सीता वर्मा और पूजा सोनी पैदल थीं। पीछे आए दिनेश लोधी ने थार से पहले महिलाओं और फिर बाइक को टक्कर मारी। हादसे में 5 लोग घायल हुए थे। पुलिस ने दिनेश लोधी पर एफआईआर दर्ज कर थार जब्त की थी।

पुलिस ने ब्लैक फिल्म-हूटर पर काटा था चालान

शनिवार को कोर्ट के आदेश के बाद रविवार को दिनेश लोधी करैरा थाने पहुंचा था। यहां एसडीओपी आयुष जाखड़ और थाना प्रभारी विनोद छावई ने उससे एक्सीडेंट पर पूछताछ की। जांच में थार पर हूटर और शीशों पर काली फिल्म मिली। पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट में चालान कर वाहन सुपुर्द किया। विधायक ने कहा कि उन्होंने ही एसपी से कहकर बेटे पर एफआईआर कराई, गाड़ी भिजवाई और बेटे को थाने भेजा था।

## मां ने ढाई साल के बेटे को सिर कुचलकर मार-डाला, पैदल चलने से मना करने पर की हत्या; जंगल में छिपाई लाश

**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ ( निप्र )।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में मां ने अपने ढाई साल के बच्चे का सिर पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद उसने बच्चे के अपहरण की झूठी कहानी गढ़कर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। बाद में बच्चे का शव जंगल में खाई में मिला, जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। मामला कापू थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक आरोपी महिला का नाम सोनमति सरोती मंछवार है। मायके जाने के दौरान उसने बेटे को गोद से नीचे उतार दिया, लेकिन बेटे ने पैदल चलने से मना कर दिया, जिससे नाराज होकर महिला ने वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान वह नशे में थी। इसके बाद वह मायके चली गई।



**पिता ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी:** दरअसल, ग्राम पारेमेर फिटिंगपारा के रहने वाले बोधसाय मंछवार (28) ने 19 अप्रैल को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि उसके साढ़े 4 साल की बेटी ढूलबाई और ढाई साल का बेटा अनुज मंछवार है। गुरुवार सुबह करीब 5 बजे वह जंगल में चार तोड़ने के लिए गया था, उस समय घर में पत्नी और दोनों बच्चे मौजूद थे। दोपहर में जब वह घर लौटा तो घर सूना मिला। शाम को उसकी साढ़े 4 साल की बेटी ढूलबाई अकेले घर पहुंची।

पूछने पर बच्ची ने बताया कि मां उसे घर भेजकर छोटे भाई अनुज को लेकर रानी गौवा स्थित नानी के घर गई है। ऐसे में बोधसाय ग्रामीणों के साथ रात में उनकी तलाश के लिए निकला, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अगले दिन सुबह उसकी पत्नी सोनमति अकेले घर लौटी। वह शराब के नशे में थी और अनुज के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी देने के बजाय टालमटोल करती रही। लगातार 2 दिनों तक परिजनों और ग्रामीणों ने जंगल में खोजबीन की, लेकिन बच्चे का कोई पता नहीं चल सका।

## मनेंद्रगढ़ सड़क दुर्घटना : मृतक की पहचान हुई, डीवी ग्रुप ने दिए 3 लाख, परिजन अंतिम संस्कार को राजी

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी ( निप्र )।** सड़क दुर्घटना में मृत युवक की पहचान होने के बाद मुआवजे को लेकर चल रहा विवाद समाप्त हो गया है। परिजनों ने अब अंतिम संस्कार करने के लिए सहमति दे दी है। डीवी ग्रुप ने मृतक के परिजनों को तीन लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है।



जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत बंजी निवासी राजभान सिंह (37) अपने ससुराल ग्राम परसगढ़ी गए हुए थे। इसी दौरान परसगढ़ी में मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य में लगे डीवी ग्रुप के पानी टैंकर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में राजभान सिंह के सिर में गंभीर चोट आई, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

**सिर पर गंभीर चोट की वजह से लाश को पहचना मुश्किल था:** सिर पर गंभीर चोट के कारण शुरुआती समय में मृतक की पहचान करने में कठिनाई हुई। मनेंद्रगढ़ सिटी कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मोबाइल के माध्यम से युवक की पहचान की और परिजनों को सूचना दी।

**डीवी ग्रुप ने 3 लाख का मुआवजा दिया:** घटना की खबर मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया था। उन्होंने उचित मुआवजे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेंद्रगढ़ शहर अध्यक्ष सौरव मिश्रा अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ मृतक के घर पहुंचे और परिवार को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।

कांग्रेस के विरोध और ग्रामीणों के दबाव के बाद डीवी ग्रुप ने मृतक के परिजनों को तत्काल तीन लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। कंपनी ने बीमा की राशि भी दिलाने का आश्वासन दिया है। मुआवजा मिलने के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार करने के लिए सहमति जताई है। इससे क्षेत्र में चल रहा तनाव अब कम होता नजर आ रहा है। प्रशासन पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

## 4 लाख की स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

### नर्सरी ग्राउंड में बेचने की फिराक में था, पुलिस ने घेराबंदी कर बाइक सहित दबोचा

**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी ( निप्र )।** जिले के देहात थाना क्षेत्र में पुलिस ने सोमवार को मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने एक आरोपी को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब 4 लाख रुपए कीमत की स्मैक और एक बाइक जब्त की गई है।




देहात थाना प्रभारी निरीक्षक विकास यादव ने बताया कि क्षेत्र में मुखबिर तंत्र सक्रिय कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को विश्वसनीय सूचना मिली कि एक व्यक्ति हवाई पट्टी के पीछे लुधावली स्थित नर्सरी ग्राउंड में संदिग्ध अवस्था में खड़ा है और स्मैक बेचने की फिराक में है।


सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान पवन जाटव (35 वर्ष), निवासी टोगरा रोड फतेहपुर, शिवपुरी के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से 20.45 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 4 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी पवन जाटव के खिलाफ थाना देहात में मामला दर्ज कर लिया है। मामले में आगे की विवेचना जारी है।

## आगजनी से 80 से ज्यादा पेड़ झुलसे, स्मृति में लगाए पौधों को असामाजिक तत्वों ने जलाया

**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी ( निप्र )।** जिले के बदरवास जनपद के बिजरोनी गांव स्थित शांति धाम में रविवार को आगजनी की घटना सामने आई। इस घटना में धाम में लगे करीब 250 पेड़-पौधों में से 80-90 पेड़ झुलस गए। कई अन्य पौधे भी प्रभावित हुए हैं। यह आग अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा लगाई गई थी। घटना के बाद ग्रामीणों में रोष है और वे दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, शांति धाम को वर्षों की मेहनत से तैयार किया गया था। यहां अंतिम संस्कार के बाद दिवंगत की स्मृति में एक-एक पेड़ लगाने की परंपरा शुरू की गई थी।

## छत्तीसगढ़ में एयरक्राफ्ट क्रैश की खबर निकली झूठी, कलेक्टर बोले- हादसे के कोई साक्ष्य नहीं मिले; जंगल की आग की लपटें देख फैली अफवाह

**मीडिया ऑडीटर, जशपुर ( निप्र )।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के नारायणपुर-चारभाठी इलाके में एयर एम्बुलेंस (एयरक्राफ्ट) क्रैश होने की खबर अफवाह निकली है। आरा पहाड़ से आग की लपटें उठ रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके के लिए रवाना हुई। हालांकि, मौके पर ऐसा कुछ नहीं था। एयरक्राफ्ट क्रैश होने की खबर को लेकर राज्य सरकार ने



बयान जारी किया है। बयान में कहा गया है कि कुछ न्यूज चैनलों और वेब पोर्टल में जशपुर जिले के नारायणपुर की पहाड़ियों में प्लेन के क्रैश होने की खबरें प्रसारित की गई है। इस तरह की दुर्घटना की कोई सूचना नहीं है। कलेक्टर रोहित व्यास कहा कि ओडिशा, झारखंड या प्रदेश से किसी एयरक्राफ्ट के गायब होने की खबर नहीं है। प्रारंभिक जांच में हादसे की पुष्टि नहीं हुई है। प्रशासन अन्य सूचनाएं भी एकत्र कर रहा है। प्रशासन के अनुसार जंगल में कुछ लोगों द्वारा लगाई गई आग से उठे धुएं को देखकर ही यह अफवाह फैली कि कोई विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है।

## महिला आरक्षण पर कांग्रेस बोली-यह बिल नहीं,परिसीमन का प्रस्ताव था, राकेश ठाकुर बोले-पार्टी हमेशा से बिल के पक्ष में रही; आज भी अपने रुख पर कायम

**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग-भिलाई ( निप्र )।** महिला आरक्षण को लेकर दुर्ग में कांग्रेस और भाजपा के बीच सियासत तेज हो गई है। जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के अध्यक्ष राकेश ठाकुर, दुर्ग शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, भिलाई नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने प्रेस वार्ता में भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर लोगों को भ्रमित कर रही है। राकेश ठाकुर ने कहा कि हाल में पेश किया गया प्रस्ताव महिला आरक्षण से जुड़ा नहीं था, बल्कि परिसीमन से संबंधित था। उनके अनुसार विपक्ष ने इस प्रस्ताव का विरोध किया और सदन में इसे गिरा दिया। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस हमेशा से महिला आरक्षण के पक्ष में रही है और आज भी अपने रुख पर कायम है।

**पहले से ही पारित हो चुका है कानून:** कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 पहले ही संसद के दोनों सदनों से पारित होकर कानून बन चुका है। इसके बावजूद भाजपा यह प्रचार कर रही है कि कांग्रेस और विपक्ष ने महिला आरक्षण का विरोध किया, जो पूरी तरह गलत है। उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल 2026 को आए प्रस्ताव में लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 850 करने की बात कही गई थी।

# एमपी पुलिस की अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई

### विगत एक सप्ताह में 2 करोड़ 29 लाख से अधिक के मादक पदार्थ एवं वाहन जब्त

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( निप्र )।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशभर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी कार्यवाही के दौरान विभिन्न जिलों की पुलिस टीमों ने विगत एक सप्ताह में 2 करोड़ 29 लाख रूपए के मादक पदार्थ व तस्करी में प्रयुक्त वाहन जब्त करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है।




**नीमच:** पुलिस थाना जीरन ने एक ट्रक में परिवहन किया जा रहा 06 क्विंटल 10 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त कर लगभग 1 करोड़ रूपए से अधिक का डोडाचूरा एवं ट्रक जब्त किया है।

**मंदसौर:** पुलिस थाना नाहरगढ़ ने अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही कर 01 क्विंटल डोडाचूरा सहित 28 लाख रूपए की संपत्ति जब्त की है। वहीं थाना शामगढ़ पुलिस ने 63 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा (कीमत 1 लाख 26 हजार रुपये) और तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल सहित 1 लाख 76 हजार रूपए की संपत्ति जब्त की है।

**भिंड:** थाना देहात पुलिस ने गांजे के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए 138 किलो गांजा बरामद किया है। इस कार्यवाही में 2 तस्करों को गिरफ्तार कर लगभग 28 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है।

**शहडोल:** थाना जैतपुर पुलिस ने एक दुर्घटनाग्रस्त वाहन से उड़ीसा से लाया गया लगभग 200 किलो गांजा के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर 20 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। इसी प्रकार एक अन्य कार्यवाही में जयसिंहनगर पुलिस ने बस स्टैंड पर कार्यवाई कर 12.98 ग्राम अवैध स्मैक (हेरोइन) (कीमत लगभग 30 हजार रुपये) के साथ महिला सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**जबलपुर:** क्राइम ब्रांच एवं सिहोरा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में गांजे के कारोबार में लिप्त 3 महिलाओं सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से 26 किलो 978 ग्राम गांजा सहित 13 लाख 48 हजार 900 रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त की है। इसी प्रकार एक अन्य कार्यवाही में तिलवारा पुलिस ने मादक पदार्थ गांजा के कारोबार में लिप्त 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 09 किलो 781 ग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत 04 लाख 89 हजार रुपये है।

**इंदौर:** क्राइम ब्रांच इंदौर ने मादक पदार्थों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 121 ग्राम अवैध [illegible] ड्रग्स जब्त की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 12 लाख 10 हजार रूपए है।

**शिवपुरी:** थाना करैरा पुलिस ने दो अलग-अलग कार्यवाहियों में 37.93 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 7 लाख 70 हजार रूपए की संपत्ति जब्त की है।

**ग्वालियर:** थाना डबरा क्षेत्र के टेकनपुर से 9.58 किलो अवैध गांजा (1 लाख रुपये) के साथ 1 तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार एक अन्य कार्यवाही में क्राइम ब्रांच व थाना जनकगंज की संयुक्त टीम ने 5 स्मैक तस्करों को पकड़कर उनके पास से 35.42 ग्राम स्मैक, एक मारुति स्विफ्ट कार व मोबाइल सहित लगभग 4 लाख 15 हजार रूपए की संपत्ति जब्त की है।

**आगर मालवा:** थाना बड़ौद पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान 41.12 ग्राम अवैध एमडी ([illegible]) ड्रग्स और मोबाइल जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त संपत्ति की कीमत लगभग 4 लाख 20 हजार रूपए है।

**भोपाल:** थाना अयोध्या नगर पुलिस ने उड़ीसा से गांजा लाकर स्कूल, कॉलेज और स्लम एरिया में तस्करी करने वाले गिरोह को पकड़ा है। इस कार्यवाही में 2 युवतियों सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर 6.285 किलोग्राम गांजा और मोटरसाइकिल सहित लगभग 2 लाख 70 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है।

**गुना:** थाना धरनावदा पुलिस ने 9.941 किलोग्राम गांजे (कीमत 1 लाख 20 हजार रूपए) के साथ 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है।

**नर्मदापुरम:** जले की पिपरिया पुलिस ने ग्राम उंटिया किशोर में गांजे की खेती करने वाले आरोपी को 10 किलो 700 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 40 हजार रुपये है। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध इस प्रकार की सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। आमजन से अपील है कि नशे से दूर रहें एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

### जिले में ग्रामीण की हाथी हमले में मौत

## महुआ बीनने गए व्यक्ति पर हाथी ने किया हमला,पार्क परिक्षेत्र का मामला



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी ( निप्र )।** जिले जनकपुर में एक ग्रामीण की जंगली हाथी के हमले में मौत हो गई। यह घटना जनकपुर पार्क परिक्षेत्र के खोहरा गांव में हुई। मृतक की पहचान प्रेमलाल (55) के रूप में हुई है। प्रेमलाल19 अप्रैल की शाम करीब 6 बजे खड़घाट जंगल में महुआ बीनने गए थे। इसी दौरान जंगल में मौजूद एक हाथी ने उन पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

**मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू:** घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। वन विभाग द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है और मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में हाथियों की आवाजाही को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में हाथियों की निगरानी बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## सीहोर में श्मशान घाट से 450 क्वार्टर अवैध शराब जब्त: लावारिस पानी के टैंकर में छिपाकर रखी थी शराब

**मीडिया ऑडीटर, सीहोर (निप्र)।** सीहोर में जावर पुलिस ने अवैध शराब के बड़े भंडारण पर कार्रवाई की है। ग्राम बमुलिया रायमल स्थित श्मशान घाट के अंदर एक पुराने लावारिस पानी के टैंकर से देशी प्लेन मदिरा के 450 क्वार्टर जब्त किए गए हैं। प्रत्येक क्वार्टर 180 एमएल का था। पुलिस को रात में मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बमुलिया के श्मशान घाट में अवैध शराब रखी हुई है। इस सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश और एसडीओपी आष्टा दामोदर गुप्ता के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी जावर डीएसपी हेमंत पांडे के नेतृत्व में जावर पुलिस टीम ने यह जब्ती की। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और उसकी तलाश जारी है।



## रतलाम में तालाब में डूबी 9 साल की बालिका, मौत:दो सहेलियों के साथ खेलने गई थी; मां व पिता मजदूरी पर गए थे

**मीडिया ऑडीटर, रतलाम (निप्र)।** रतलाम के मलवासा गांव में रविवार दोपहर गड्ढेनुमा तालाब में डूबने से एक 9 साल की बालिका की मौत हो गई। बालिका अपनी 7 से 8 साल की दो सहेलियों के साथ खेलने गई थी। तालाब पर तीनों सहेलियां कैसे पहुंचीं, पुलिस घटना की जांच में जुटी है। मृत बालिका का नाम यशोदा पिता सोहन गामड़ (9) निवासी मलवासा है। रविवार दोपहर करीब 1 बजे यशोदा अपनी दो सहेलियों के साथ खेलते हुए गांव के नयापुरा स्थित दरगाह से 50 फीट दूर तालाब के आसपास गई थी। खेलते समय तीनों तालाब पर चली गई। इस दौरान यशोदा पानी में चली गई। घटना के समय आसपास कोई नहीं था। दोनों सहेलियों ने अपने घर जाकर बताया। तब जाकर ग्रामीणों को जानकारी लगी, फिर मौके पर पहुंचे।समय पर नहीं पहुंची मदद ग्रामीणों ने 112 पर भी डायल किया, लेकिन पुलिस समय पर नहीं पहुंच पाई। कोई गोताखोर भी नहीं पहुंच पाया। गांव के मुंशी पहलवान ने तालाब में छलांग लगाकर एक घंटे में बालिका को तलाशा। तब तक देर हो चुकी थी। बालिका की मौत हो गई थी। पुलिस के पहुंचने के पहले ग्रामीणों ने शव निकाल लिया। बाद में पंचनामा बनाकर शाम को शव पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा। सोमवार सुबह पीएम होगा।

**मां व पिता मजदूरी करने गए थे :** ग्रामीणों के मुताबिक घटना के समय मां खेत पर गई थी। जबकि पिता टेंट हाउस पर मजदूरी का काम करते है। वह टेंट के सिलसिले में गांव से बाहर गए थे। सूचना पर माता-पिता दोनों पहुंचे। मृत बालिका समेत 7 बहने हैं। यह तीसरे नबंर की थी। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है।

## बाइक सवार ने युवक को मारी टक्कर, दोनों हाथ टूटे

**मीडिया ऑडीटर, सलामतपुर (निप्र)।** सलामतपुर 7 भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर रविवार दोपहर तेज रफ्तार बाइक चालक की लापरवाही से हादसा हो गया। बेरखेड़ी चौराहे के पास ढाबे पर भोजन करने जा रहे दो युवकों की मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी गई। टक्कर के बाद पीछे बैठा युवक सड़क पर दूर जा गिरा। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक चला रहे युवक को चोट नहीं आई। घायल को तुरंत सांची के सिविल अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत बिगड़ी। उसे विदिशा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के मुताबिक घायल के दोनों हाथों में फ्रैक्चर है। इलाज जारी है। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से भाग निकला। पुलिस ने मामला दर्ज किया। तलाश शुरू कर दी। थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि फरियादी संतराम साहू, निवासी बेरखेड़ी चौराहा, अपनी मोटरसाइकिल से विजेंद्र लोधी के साथ भोजन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## शॉर्ट सर्किट से भीषण आग, दो घर-दुकान जले:अंदर रखा सारा सामान जला, लकड़ी से बने थे कच्चे मकान

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर जिले के बम्होरी पुरवा गांव में सोमवार दोपहर शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में एक किराना दुकान और दो कच्चे घर पूरी तरह जलकर खाक हो गए। ग्रामीणों के अनुसार, किराना दुकान में रखा सारा सामान आग की भेंट चढ़ गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया। पीड़ित परिवार पहले से ही आर्थिक संकट का सामना कर रहा था। कोरोना काल में परिवार के मुखिया की मृत्यु हो गई थी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और कमजोर हो गई थी। इस अग्निकांड से उन्हें बड़ा नुकसान हुआ है। सूचना मिलने पर प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## आईजी के फॉलो वाहन ने बच्चे को टक्कर मारी:छतरपुर में 12 वर्षीय सतीश रजक गंभीर घायल, अस्पताल में भर्ती

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर(निप्र)।** छतरपुर जिले के गुलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अनगौर में एक सड़क हादसे में 12 वर्षीय सतीश रजक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एक तेज रफ्तार फॉलो वाहन ने टक्कर मार दी। सतीश को छतरपुर जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया गया है। सतीश के पिता परशुराम रजक और मां लक्ष्मी रजक ने बताया कि उनका बेटा खेत से घर लौट रहा था। इसी दौरान सड़क पर चलते समय सामने से आ रहे आईजी के काफिले में शामिल फॉलोगार्ड वाहन (नंबर एमपी16ज़ेडएल 2205) ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बच्चा हवा में उछलकर दूर जा गिरा। **उसी पुलिस वाहन ने अस्पताल पहुंचाया:** घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों ने सतीश के परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और उसी पुलिस वाहन की सहायता से घायल बच्चे को छतरपुर जिला अस्पताल ले गए। अस्पताल में इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर रोशन द्विवेदी ने सतीश को प्राथमिक उपचार दिया और उसे ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कर लिया। इस मामले में पुलिस लाइन में पदस्थ एएसआई राजाराम ने बताया कि वाहन आईजी साहब के फॉलो में सागर जा रहा था। उनके अनुसार, बच्चा खुद ही गाड़ी के सामने आ गया और डरकर गिर गया, उसे गाड़ी ने टक्कर नहीं मारी। एएसआई ने बताया कि बच्चे के सिर और पेट में चोट आई थी और खून निकल रहा था, जिसके बाद उसे अस्पताल लाया गया। उन्होंने आज उसकी छुट्टी होने की बात कही।

**थाने में नहीं पहुंची शिकायत :** गुलगंज थाना प्रभारी अर्पित पाराशर ने बताया कि उन्हें इस घटना की कोई जानकारी नहीं है और न ही थाने में कोई सूचना दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि यदि अस्पताल चौकी से कोई तहरीर या रिपोर्ट आती है, तो नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# देवास में डेढ़ लाख में हुई शादी, दुल्हन फरार

## खंडवा से आई गैंग ने दिया अंजाम, दुल्हन समेत परिवार गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, देवास (निप्र)।** देवास के बरोठा पुलिस ने एक ऐसी महिला को गिरफ्तार किया है जो शादी के कुछ दिन बाद ही झगड़ा कर फरार हो जाती थी। पुलिस ने महिला के साथ उसके माता-पिता, भाई और शादी करवाने वाले दलाल को भी पकड़ा है। यह गिरोह डेढ़ लाख रुपए लेकर शादी करवाता था। यह मामला बरोठा के रतेड़ी गांव के राजेश पिता मोहनलाल मालवीय (30) से जुड़ा है। गांव के ही दलाल कमलेश ने राजेश का संपर्क इस महिला और उसके परिवार से करवाया था। इसके बाद 28 मार्च को देवास में कोर्ट में उनकी शादी हुई। दलाल ने इस शादी के लिए डेढ़ लाख रुपए लिए थे।

**महाराष्ट्र में भी दर्ज हो चुके हैं मामले:** पुलिस जांच में सामने आया है कि यह महिला इससे पहले भी महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में दो शादियां कर चुकी थी। हर बार वह कुछ दिन ससुराल में रहने के बाद झगड़े का बहाना बनाकर फरार हो जाती थी। इस शादी में भी महिला और उसके परिवार ने राजेश को बताया था कि महिला का पति मर चुका है और उसकी दो साल की बेटी है। शादी के कुछ दिनों तक महिला, जिसका नाम पूजा राठौर है, राजेश के घर रही। फिर 16 अप्रैल को उसने झगड़े का बहाना बनाया और घर छोड़कर भाग गई।



**दो दिन पहले रिपोर्ट दर्ज कराई थी:** पीड़ित राजेश ने 17 अप्रैल को बरोठा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने शादी करवाने, दुल्हन के बदले पैसे लेने और शादी के बाद दुल्हन के भाग जाने की शिकायत की थी। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के मार्गदर्शन में एक टीम गठित की गई और गिरोह को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी सविता सिंह ने अलग-अलग टीमें बनाकर आरोपियों की धरपकड़ शुरू की। पुलिस ने खंडवा के हरसूद छनेरा निवासी पूजा राठौर, उसके पिता कैलाश पिता परशुराम राठौर, माता किरणबाई, भाई संजय और दलाल कमलेश निवासी सदाशिवपुरा थाना बरोठा को हरसूद से गिरफ्तार किया। आरोपी मूल रूप से खंडवा जिले के ग्राम इमलानी के रहने वाले हैं।

## देवास में शादी सम्मेलन में जा रही कार पलटी

**मीडिया ऑडीटर, देवास (निप्र)।** देवास के टोंककला क्षेत्र में सोमवार सुबह एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में इंदौर निवासी एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। परिवार इंदौर से पचोर में आयोजित एक विवाह सम्मेलन में शामिल होने जा रहा था। यह घटना मक्सी रोड स्थित बरखेड़ा फाटा के पास सुबह करीब 8 :30 बजे हुई। बताया जा रहा है कि कार का टायर फटने से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया।

मृतका की पहचान इंदौर निवासी निर्मला पति घनश्याम के रूप में हुई है। घायलों में कृष्णा साहू (35), मंजू साहू (23), आर्यन साहू (6), आदर्श साहू (ढाई वर्ष) और कार चालक कृष्णा मुरारी शामिल हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है।

## 42 डिग्री की गर्मी से राहत, रायसेन में बदला मौसम शनिवार को बूंदाबांदी के बाद सोमवार सुबह चलीं ठंडी हवाए



**मीडिया ऑडीटर, रायसेन (निप्र)।** रायसेन जिले में 42 डिग्री सेल्सियस की भीषण गर्मी के बीच अचानक मौसम ने करवट ली है। शनिवार शाम हल्की बूंदाबांदी के बाद सोमवार सुबह आसमान में बादल छाए रहे और ठंडी हवाएं चलीं। इससे तापमान में हल्की गिरावट आई है और लोगों को लू व तपिश से फौरी राहत मिली है। वर्तमान में मौसम के इस बदलाव से लोगों को थोड़ी राहत है, लेकिन मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में एक बार फिर तापमान बढ़ने की संभावना है।

**शुक्रवार को 42 के पार था पारा, घरों में कैद थे लोग:** इससे पहले शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया था। भीषण गर्मी और लू के कारण जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो रहा था। तपिश इतनी ज्यादा थी कि लोग दिन के समय तेज धूप में घरों से बाहर निकलने से बच रहे थे।

**शनिवार शाम से छाए बादल, बूंदाबांदी से मिली राहत:** शनिवार शाम से आसमान में अचानक बादल छाने लगे थे, जिससे उमस में बढ़ोतरी हुई थी। हालांकि, देर शाम हुई हल्की बूंदाबांदी ने लोगों को गर्मी से कुछ राहत दिलाई। इसके बाद सोमवार सुबह भी आसमान में बादल छाए रहे और ठंडी हवाएं चलती रहीं। मौसम के इस बदलाव से तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई है।

**मौसम विभाग का अनुमान- फिर से बढ़ेगी गर्मी:** मौसम में आए इस अचानक बदलाव से फिलहाल लोगों को तपती गर्मी से राहत जरूर मिली है। लेकिन मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में एक बार फिर तापमान बढ़ने और भीषण गर्मी पड़ने की पूरी संभावना है।

## मैहर में तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवारों को रौंदा दो युवकों की मौके पर मौत

**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** मैहर जिले के बदेरा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर मौत हो गई। बंधी के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार दोनों युवकों को टक्कर मार दी। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक में तोड़फोड़ की और करीब डेढ़ घंटे तक सड़क जाम कर दिया।मृतकों की पहचान कटनी जिले के कैमोर थाना अंतर्गत खेरवा (नंबर-2) निवासी गोविंद साकेत (20 वर्ष) पुत्र अच्छेलाल साकेत और अजय साकेत (21 वर्ष) पुत्र जगदीश साकेत के रूप में हुई है। वे अपनी बाइक (एमपी21ज़ेडए 8505) से बदेरा-भदनपुर की ओर जा रहे थे। बंधी के पास सामने से आ रहे ट्रेलर (जेएच02 बीएन0174) ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक ट्रक के पहियों के नीचे आ गए।



**डेढ़ घंटे तक लगा जाम:** हादसे के बाद सड़क पर शव देखकर स्थानीय ग्रामीण आक्रोशित हो गए। उन्होंने भागने का प्रयास कर रहे ट्रेलर को रोककर उस पर पथराव किया और उसके शीशे तोड़ दिए। ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया, जिससे करीब डेढ़ घंटे तक यातायात प्रभावित रहा।

**चालक को लिया हिरासत में:** बदेरा थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार ने बताया कि पुलिस टीम ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया और करीब डेढ़ घंटे बाद सड़क से जाम हटवाया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि दोनों युवक किस काम से भदनपुर बदेरा जा रहे थे।

## बैतूल में नदी में मिला महिला का शव, सिर पर चोट के निशान; पति से विवाद के बाद लापता हुई थी

**मीडिया ऑडीटर, बैतूल (निप्र)।** बैतूल जिले में एक महिला का शव नदी में मिला है। मृतका की पहचान बाली जावलकर के रूप में हुई है। उसके सिर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या का संदेह गहरा गया है। पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है।

टीआई अंजना धुर्वे के अनुसार, डायल 100 पर नदी में शव पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही परिजनों ने शव को पानी से बाहर निकाल लिया था। शव को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां सोमवार को पोस्टमार्टम कराया गया। डॉक्टरों ने महिला के सिर पर चोट के निशान पाए हैं, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।



**भीगे कपड़ों में भागते हुए देखा गया था:** पुलिस और परिजनों के मुताबिक, बाली जावलकर पिछले लगभग एक साल से अपने मायके में रह रही थी।

उसका अपने पति मोंगिया गाड़वा से विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि पति मोंगिया गाड़वा अक्सर ससुराल आता-जाता रहता था।

शनिवार रात को भी वह ससुराल पहुंचा था, जहां उसका पत्नी से विवाद हुआ और वह रात में ही लौट गया।

रविवार सुबह महिला गांव के पास नदी पर कपड़े धोने गई थी। एक बुजुर्ग व्यक्ति ने उसे नदी किनारे कपड़े धोते हुए देखा था। कुछ देर बाद उसी बुजुर्ग ने महिला के पति को भीगे कपड़ों में वहां से भागते हुए देखा।

**नदी की गहराई में डूबा मिला शव:** संदेह होने पर बुजुर्ग ने नदी किनारे जाकर देखा तो महिला दिखाई नहीं दी। उसने तुरंत महिला के भाइयों को इसकी जानकारी दी।

परिजनों ने मौके पर पहुंचकर तलाश शुरू की और काफी खोजबीन के बाद महिला का शव नदी की गहराई में डूबा हुआ मिला। परिजनों ने आशंका जताई है कि महिला की हत्या उसके पति द्वारा की गई है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और संदिग्ध परिस्थितियों को देखते हुए पति की तलाश की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खरगोन में बादलों के बीच 41डिग्री तापमान, रात में बारिश से तेज उमस

**मीडिया ऑडीटर, खरगोन (निप्र)।** खरगोन में बादलों के बावजूद तेज गर्मी का प्रकोप जारी है। सोमवार सुबह से भी आसमान में बादल छाए रहे। रविवार रात को बिजली की गड़गड़ाहट के साथ 20 मिनट तक जोरदार बारिश दर्ज की गई। शहर में पिछले चार दिनों से बादल छाए रहने के कारण तीखी गर्मी और उमस महसूस की जा रही है। वर्तमान में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। पिछले एक सप्ताह से अधिकतम तापमान 40 से 41 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 से 22 डिग्री के बीच दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण यह बारिश हुई है। सुबह 11 बजे के बाद से तेज गर्मी का दौर शुरू हो जाता है, जिससे लोगों को बाहर निकलने में परेशानी हो रही है। विभाग ने अगले एक-दो दिन में आसमान साफ होने की संभावना जताई है।



## दादी की अंत्येष्टि में जा रहे परिजन को ट्रक ने मारी टक्कर, 4 घायल

**मीडिया ऑडीटर, खुरई (निप्र)।** रविवार शाम जरवांस बायपास चौराहा पर सवारियों से भरे एक लोडिंग वाहन को ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकला। हादसे में चार लोग घायल हो गए। घायलों में देवेंद्र 25 पिता जगदीश आदिवासी निवासी रमगढ़ा, जगदीश 35 पिता बाबू आदिवासी निवासी रमगढ़ा जिला ललितपुर उत्तरप्रदेश, सोहन 9 पिता महेंद्र आदिवासी निवासी झिला, सखी 45 पति जगदीश आदिवासी निवासी रमगढ़ा शामिल हैं।



घायल चंद्रभान आदिवासी ने बताया कि सभी लोग झिला से रमगढ़ा दादी की अंत्येष्टि में जा रहे थे।

बच्चे को टॉयलेट कराने लोडिंग वाहन को जरवांस बायपास चौराहे के किनारे रोका था ।इसी दौरान एक ट्रक निकला। ट्रक ने बाजू से टक्कर मारी। सूचना पर 108 एंबुलेंस के ईएमटी वीर सिंह और पायलट विनोद राय मौके पर पहुंचे। घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद देवेंद्र आदिवासी और सखी आदिवासी की हालत गंभीर होने पर उन्हें सागर रेफर कर दिया।

## छेड़छाड़ केस में 3 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार गढ़ाकोटा से पकड़ाया 3 हजार का इनामी

**मीडिया ऑडीटर, सागर (निप्र)।** सागर जिले की गौरझामर थाना पुलिस ने गढ़ाकोटा के आजाद वार्ड से छेड़छाड़ और एससी-एसटी (स्ट/स्ज्ञ) एक्ट के मामले में 3 साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसपी ने इस आरोपी पर 3 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी कटनी जिले में दर्ज हत्या के एक मामले में भी साल 2021 से फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर कटनी पुलिस को भी इसकी सूचना दे दी है। पुलिस के अनुसार, भौहारी (सानौधा) निवासी 40 वर्षीय करन पिता मूलचंद रैकवार के खिलाफ गौरझामर थाने में वर्ष 2023 में छेड़छाड़ और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था। मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार था। पुलिस ने उसकी तलाश में घर, रिश्तेदारों और अन्य संभावित स्थानों पर दबिश दी, लेकिन वह पकड़ में नहीं आया। इसके बाद एसपी ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 3 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।



**मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आजाद वार्ड में दी दबिश:** पुलिस की टीमें लगातार आरोपी की तलाश कर रही थीं और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया था। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी करन गढ़ाकोटा के आजाद वार्ड में छिपा हुआ है। लोकेशन मिलते ही एक टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना की गई। टीम ने गढ़ाकोटा पहुंचकर लोकेशन के आधार पर आजाद वार्ड में दबिश दी और आरोपी करन रैकवार को धर दबोचा।

**हत्या के मामले में भी फरार था आरोपी, कटनी पुलिस को दी सूचना:** आरोपी को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। यहां जब उससे पूछताछ की गई, तो सामने आया कि आरोपी कटनी जिले के विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र में हुई एक हत्या के मामले में भी वर्ष 2021 से फरार चल रहा है। इस संबंध में गौरझामर थाना प्रभारी नासिर फारूखी ने बताया, 'छेड़छाड़ के मामले में 3 साल से फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में पता चला है कि आरोपी कटनी जिले में हत्या के एक मामले में भी फरार चल रहा था। हमने आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना कटनी पुलिस को दे दी है और पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

## इटारसी में गोंडवाना एक्सप्रेस के इंजन से उठा धुआं सोना सांवरी फाटक के पास 20 मिनट रुकी



**मीडिया ऑडीटर, इटारसी (निप्र)।** इटारसी से हजरत निजामुद्दीन जा रही 12405 गोंडवाना एक्सप्रेस रविवार शाम इटारसी स्टेशन से छूटते ही तकनीकी खराबी के कारण रुक गई। इंजन से धुआं उठने और फायर अलार्म बजने के बाद ट्रेन को सोना सांवरी फाटक के पास रोका गया। इस दौरान आग लगने की आशंका में यात्रियों के बीच दहशत फैल गई और कई लोग चलती ट्रेन से कूदने का प्रयास करने लगे।

**फायर अलार्म बजने से मची दहशत:** ट्रेन के इंजन के पास से धुआं उठता देख स्वचालित फायर अलार्म सक्रिय हो गया। अलार्म की तेज आवाज सुनकर इंजन के ठीक पीछे वाले जनरल कोच के यात्री घबरा गए। यात्रियों को अंदेशा हुआ कि ट्रेन में आग लग गई है, जिसके चलते वे अपना सामान छोड़कर कोच से नीचे उतरने लगे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है।

**तकनीकी जांच के बाद 20 मिनट बाद रवाना:** सूचना मिलते ही रेलवे की तकनीकी टीम मौके पर पहुंची और इंजन की गहन जांच की। रेलवे सूत्रों के अनुसार, जांच में आग लगने जैसा कोई साक्ष्य नहीं मिला।

## एएफसी चैंपियंस लीग 2 : रोनाल्डो ने अपने करियर का 969वां गोल किया, अल-नस्त्र ने अल-वस्ल को 4-0 से हराया।



**दुबई, एजेंसी।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने करियर का 969वां गोल दागकर ऐतिहासिक 1000 गोल के मील के पत्थर के एक कदम और करीब पहुंच गए हैं। उनके इस गोल की बदौलत अल-नस्त्र ने क्वार्टर फाइनल में अल-वस्ल पर 4-0 से शानदार जीत हासिल की और एएफसी चैंपियंस लीग टू के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

अल-नस्त्र ने शुरू से अंत तक शानदार प्रदर्शन किया, आक्रमण की तीक्ष्णता और मिडफील्ड पर नियंत्रण का बेहतरीन तालमेल बिठाते हुए अपने प्रतिद्वंदियों को पछाड़ दिया। मैच का पहला गोल रोनाल्डो ने 11वें मिनट में दागकर किया।

बॉक्स के अंदर अच्छी स्थिति में खड़े होकर, उन्होंने शांत भाव से नज़दीकी रेंज से गोल दागकर मेहमान टीम को तत्काल बढ़त दिलाई और शाम के लिए माहौल तैयार किया।

पहले हाफ के मध्य में ही अल-नस्त्र ने दो त्वरित गोल करके अपनी पकड़ मजबूत कर ली और मैच को लगभग अपनी पकड़ से बाहर कर दिया। जोआओ फेलिक्स ने इसमें अहम भूमिका निभाई, उन्होंने एक सटीक कॉर्नर किक दी जिसे इनिगो मार्टिनेज ने हेडर से गोल में बदलकर अल-नस्त्र की बढ़त को दोगुना कर दिया।

कुछ ही क्षणों बाद, एक और खतरनाक पास ने अल-वस्ल के रक्षात्मक मोर्चे में भ्रम पैदा कर दिया, जिससे अब्दुलेलह अल-अमरी को सबसे ऊंची छलांग लगाने और स्कोर 3-0 करने का मौका मिल गया।

अल-वस्ल जवाबी हमला करने में नाकाम रही और अल-नस्त्र की सुव्यवस्थित रक्षात्मक पंक्ति को भेदने में उन्हें कठिनाई हुई। उनके आक्रमण सीमित रहे और गोलकीपर बेंटो को गंभीर रूप से परेशान करने में उनके कुछ ही प्रयास विफल रहे।

इसके विपरीत, अल-नस्त्र ने मौके बनाना जारी रखा, और रोनाल्डो एक घंटे के बाद ही एक और गोल करने के करीब पहुंच गए, लेकिन उन्हें कुछ ही समय बाद सब्स्टीट्यूट कर दिया गया।

ब्रेक के बाद भी मेहमान टीम ने अपना दबदबा बनाए रखा, गेंद पर पूरा नियंत्रण रखा और मिडफील्ड में मार्सेलो ब्रोज़ोविक के शानदार खेल की बदौलत मैच की गति को नियंत्रित किया।



## हॉकी इंडिया ने भोपाल में आयोजित होने वाले अंडर-18 राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए सब जूनियर पुरुष और महिला सदस्यों की घोषणा की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हॉकी इंडिया ने एसएआई भोपाल में आयोजित होने वाले अंडर-18 राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 84 खिलाड़ियों (42 पुरुष और 42 महिला) की सूची की घोषणा की है। खिलाड़ियों का चयन हाल ही में संपन्न हुई 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आधार पर किया गया है।

उच्च प्रदर्शन मानकों को सुनिश्चित करने के लिए, प्रारंभिक 42 सदस्यीय समूहों को एक सप्ताह के मूल्यांकन के बाद 24 खिलाड़ियों तक सीमित कर दिया जाएगा, और वे गहन प्रशिक्षण सत्र का हिस्सा होंगे जो पुरुषों और महिलाओं के अंडर-18 एशिया कप काकामिगाहारा 2026 की अंतिम तैयारियों का हिस्सा है, जो 29 मई से 6 जून तक जापान में आयोजित किया जाएगा, हॉकी इंडिया की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार।

इस कैंप का एक प्रमुख आकर्षण एसएआई भोपाल में आयोजित होने वाली एक्सपोजर सीरीज होगी, जहां भारतीय पुरुष और महिला अंडर-18 टीमें 11 से 21 मई तक ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 टीमों के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेंगी। यह कैंप अंडर-18 एशिया कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमों के अंतिम चयन का आधार बनेगा।

रानी रामपाल महिला शिविर की प्रमुख होंगी, जबकि सरदार सिंह और रजनीश मिश्रा पुरुष शिविर के प्रभारी होंगे।

इस कैंप पर टिप्पणी करते हुए पुरुष टीम के कोच सरदार सिंह ने कहा, 'हॉकी इंडिया द्वारा अगली पीढ़ी की प्रतिभाओं को निखारने की यह एक शानदार पहल है। हमारा मुख्य ध्यान उनकी बुनियादी बातों को मजबूत करने और उन्हें आधुनिक हॉकी की रणनीतिक मांगों से परिचित कराने पर होगा। मुझे इस समूह में अपार संभावनाएं दिखती हैं। हम इनमें से कई खिलाड़ियों को अगले 10 से 15 वर्षों तक वरिष्ठ स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए देख सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी श्रृंखला इन युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय दबाव का महत्वपूर्ण अनुभव प्रदान करेगी।'

महिला टीम की कोच रानी रामपाल ने कहा, 'भोपाल में हमारा ध्यान व्यक्तिगत कौशल और टीम संरचना को निखारने पर रहेगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक्सपोजर मैच लड़कियों के लिए विश्व स्तरीय टीम के खिलाफ खुद को परखने का शानदार अवसर है। एशिया कप और उससे आगे की चुनौतियों के लिए उन्हें तैयार करने का यह सबसे अच्छा तरीका है। इसके अलावा, ये युवा खिलाड़ी खेल का भविष्य हैं, और हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि वे आने वाले वर्षों में उच्चतम स्तर पर दबदबा बनाने के लिए आवश्यक धैर्य विकसित करें।'

42 सदस्यीय पुरुष टीम में उत्तर प्रदेश (7), मध्य प्रदेश (6) और पंजाब (4) के मजबूत खिलाड़ी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, ओडिशा, झारखंड और दादरा एवं नगर हवेली एवं दमन एवं दीव (डीडीडी) से 3-3 खिलाड़ी हैं, जबकि बिहार, हरियाणा, चंडीगढ़ और तमिलनाडु से 2-2 खिलाड़ी शिविर में शामिल किए गए हैं।

## चेल्सी को एक बार फिर झटका लगा और यूनाइटेड ने यूसीएल स्थान पर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली




स्टैमफोर्ड ब्रिज में चेल्सी के खिलाफ कड़े मुकाबले में 1-0 से जीत हासिल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड ने शीर्ष चार में जगह बनाने की अपनी दावेदारी को और मजबूत कर लिया, यह एक ऐसा मैच था जहां प्रदर्शन की तुलना में परिणाम कहीं अधिक मायने रखता था।

पहले हाफ में निर्णायक क्षण तब आया जब मैथियस कुन्हा ने ब्रूनो फर्नांडेस के शानदार पास को गोल में तब्दील करते हुए मैच का एकमात्र गोल दागा। यह फर्नांडेस का एक और महत्वपूर्ण योगदान था, जो लगातार यूनाइटेड को रचनात्मक रूप से आगे बढ़ा रहे हैं और अब प्रीमियर लीग में असिस्ट के रिकॉर्ड के करीब पहुंच रहे हैं।

यूनाइटेड की जीत नियंत्रण के बजाय दृढ़ता पर आधारित थी। कई डिफेंडरों की अनुपलब्धता के कारण, माइकल कैरिक को एक अपरिचित रक्षापंक्ति को मैदान में उतारना पड़ा, जिसमें नौसैर मज़राउई के साथ युवा आयडेन हेवन भी शामिल थे। शुरुआती अनिश्चितता के बावजूद, चेल्सी के लगातार दबाव के बावजूद, इस अस्थायी रक्षापंक्ति ने मजबूती से डटकर मुकाबला किया।

मेजबान टीम ने मौके बनाए, कई बार गोलपोस्ट पर शॉट मारे और आक्रमण में अधिक आक्रामक दिखी, लेकिन उनकी आक्रामक क्षमता की कमी भारी पड़ी। चेल्सी के लिए यह एक जानी-पहचानी कहानी थी, जिसका खराब प्रदर्शन लगातार चौथी लीग हार के साथ जारी रहा, जिससे वे छठे स्थान पर आ गए और चैंपियंस लीग स्थानों से और भी दूर हो गए।

यूनाइटेड के लिए, यह जीत हालिया अस्थिरता, जिसमें लीड्स से मिली हार भी शामिल है, के बाद एक महत्वपूर्ण जवाब थी। हालांकि प्रदर्शन में प्रवाह की कमी थी, लेकिन इसने कठिन परिस्थितियों को संभालने और परिणाम हासिल करने की बढ़ती क्षमता को उजागर किया।

सीज़न के अंतिम चरण में प्रवेश करने के साथ, यूनाइटेड तीसरे स्थान पर बना हुआ है और चैंपियंस लीग में अपनी किस्मत पर उसका पूरा नियंत्रण है। वहीं, चेल्सी पर दबाव बढ़ता जा रहा है क्योंकि उसका अभियान लगातार लड़खड़ा रहा है और परिणाम उम्मीदों के अनुरूप नहीं हैं।

## अयोध्या के स्केटर्स ने लता मंगेशकर चौक पर करतब दिखाए

**अयोध्या, एजेंसी।** पवित्र शहर अयोध्या के लता मंगेशकर चौक पर सोमवार सुबह खेल भावना और उत्साह का जीवंत प्रदर्शन देखने को मिला, जब युवा खिलाड़ियों के एक समूह ने शहर के बीचोंबीच करतब दिखाए। हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए और 'जय श्री राम' का नारा लगाते हुए, युवा एथलीटों ने उस क्षेत्र की परिक्रमा की।



इस आयोजन में 8 साल के बच्चों से लेकर 18 साल के युवाओं तक के प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिन्होंने स्पीड स्केटिंग, स्लैलम पैंतरेबाजी, जंप, स्पिन और ग्रुप फॉर्मेशन का प्रदर्शन किया, और साथ ही जोशपूर्ण ढंग से 'जय श्री राम' के नारे लगाए।

अयोध्या भर से स्केटिंग प्रतिभाएं लता मंगेशकर चौक पर एकत्रित हुई, जहां उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ किया और परिक्रमा की।


स्केटरों ने सरकार से 'राम शहर' के भीतर एक समर्पित स्केटिंग ट्रैक का निर्माण करने की अपील की ताकि नए और युवा स्केटरों को अपने प्रशिक्षण में किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

सरयू नदी में पवित्र स्नान करने आए श्रद्धालु और आगंतुक इस मनमोहक दृश्य को देखने के लिए रुक गए।

स्केटरों ने बताया कि वे प्रतिदिन लगभग 40 से 50 किलोमीटर की दूरी तय करते हैं - घरेलू काम-काज निपटाना, छोटे-मोटे काम करना (जैसे सब्जियां और दूध खरीदना), स्कूल जाना, दोस्तों से मिलना, त्योहारों में भाग लेना, प्रार्थना करना और मंदिरों में जाना।

युवा स्केटर्स ने बताया कि इस अभ्यास से उन्हें शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण लाभ मिलते हैं और पेट्रोल की बढ़ती कीमतों से जुड़ी कठिनाइयों से राहत मिलती है। ऐसे समय में जब आम जनता ईंधन की बढ़ती कीमतों के बोझ से जूझ रही है, उन्हें अपनी दैनिक गतिविधियों को करना बेहद आसान लगता है; उन्होंने इस प्रणाली को अपने लिए अत्यंत लाभकारी और लाभदायक बताया।

## 'पहले बल्लेबाजी करने पर खेल में ज्यादा बदलाव नहीं आता 'एलएसजी के खिलाफ 87 रन की पारी के बाद कॉनली का बयान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 29वें मैच में पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 54 रनों से हराकर इस सीजन में अपनी अजेय बढ़त बरकरार रखी। पिछले सीजन की उपविजेता टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रियांश आर्य और कूपर कॉनॉली के अर्धशतकों की बदौलत 254 रन बनाए। 22 वर्षीय कॉनली ने आर्य के साथ मिलकर 182 रनों की साझेदारी की, जिसमें उन्होंने मात्र 46 गेंदों में 87 रन बनाए। अपनी इस दमदार पारी में उन्होंने आठ चौके और सात छक्के लगाए।

रविवार को मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में पिच के बारे में बात करते हुए कॉनोली ने कहा, 'विकेट काफी अच्छी थी। प्रियांश और प्रभसिमरन अपने-अपने तरीके से खेलते हैं, और प्रियांश पिछले कुछ वर्षों से ऐसा करते आ रहे हैं और इसमें सफल भी रहे हैं। मैं दूसरे छोर पर खड़ा होकर थोड़ा हैरान था, क्योंकि मुझे स्ट्राइक नहीं मिल रही थी, बस उन्हें बल्लेबाजी करते देखना अच्छा लग रहा था। 'उन्होंने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि पहले बल्लेबाजी करने से खेल में ज्यादा बदलाव नहीं आता। हम बस अच्छे क्रिकेट शॉट खेलने, गेंदबाजी आक्रमण पर दबाव बनाने और ढीली गेंदों का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे थे, और मुझे लगता है कि हमने आज रात ऐसा ही किया। 'पीबीकेएस अंक तालिका में शीर्ष पर है और अब तक अपराजित है। पांच जीत और एक मैच का कोई नतीजा नहीं निकला, जिससे उसके 11 अंक हो गए हैं। एलएसजी अंक तालिका में आठवें स्थान पर है, जिसने दो जीत और चार हार दर्ज की हैं। प्रियांश (37 गेंदों में 93 रन, जिसमें चार चौके और नौ छक्के शामिल थे) और कॉनोली की शानदार पारियों की बदौलत पीबीकेएस ने 254/7 का विशाल स्कोर बनाया।

एलएसजी ने भी कुछ अच्छे मौके बनाए, जिनमें आयुष बदोनी (21 गेंदों में 35 रन, पांच चौके और एक छक्का) और मिशेल मार्श (28 गेंदों में 40 रन, तीन चौके और दो छक्के) की 61 रनों की सलामी साझेदारी और ऋषभ पंत (23 गेंदों में 43 रन, एक चौका और चार छक्के) का जोरदार जवाबी हमला शामिल था, लेकिन यह जीत के लिए काफी नहीं था। एलएसजी पर इस जीत के साथ, पीबीकेएस आईपीएल अभियान के पहले छह मैचों में अपराजित रहने वाली पहली टीम बन गई।

शनिवार को नई दिल्ली में खेले जाने वाले अपने अगले आईपीएल मैच में पीबीकेएस का सामना दिल्ली कैपिटल्स से होगा। इस सीजन में अब तक अपराजित रहने के बारे में बात करते हुए पीबीकेएस के ऑलराउंडर कॉनली ने कहा, 'सच कहूं तो हम हर मैच को उसी तरह लेंगे जैसे वो आता है। हम आगे की नहीं सोचेंगे। और ऑस्ट्रेलिया की यही खासियत रही है, कि हम अभी जो हमारे सामने है उस पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और सिर्फ उन चीजों पर ध्यान दे रहे हैं जिन्हें हम नियंत्रित कर सकते हैं। हम वही करते रहेंगे जो हम पिछले तीन-चार हफ्तों से करते आ रहे हैं। और हम आगे बढ़ते रहेंगे। हम हर अभ्यास सत्र में बेहतर होने की कोशिश करते रहेंगे। हम टीम से बस यही उम्मीद कर सकते हैं कि हम हर दिन बेहतर होने की कोशिश करें। और मुझे लगता है कि अब तक हम इसमें काफी सफल रहे हैं। इसलिए हम इस मैच के लिए उत्सुक हैं।'

## कोनॉली ने की प्रियांश आर्य की तारीफ, कहा- 'हम एक-दूसरे से छोटी-छोटी चीजें सीखते हैं'



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के युवा ऑलराउंडर कूपर कोनॉली ने अपनी निरंतरता और समझदारी भरी बल्लेबाजी से खास पहचान बनाई है। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने 46 गेंदों पर 87 रनों की शानदार पारी खेली। हालांकि उनके साथी प्रियांश आर्य की 37 गेंदों में 93 रनों की तूफानी पारी ने ज्यादा सुर्खियां बटोरीं। दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर महज 80 गेंदों में 182 रनों की बेहतरीन साझेदारी की, जो इस सीजन की सबसे प्रभावशाली साझेदारियों में से एक रही। मैच के बाद कोनॉली ने कहा कि वह और आर्य एक-दूसरे से लगातार सीख रहे हैं और अपने खेल को बेहतर बना रहे हैं।

कोनॉली ने कहा, 'हर खिलाड़ी का अपना तरीका होता है। हम इस पर चर्चा करते हैं कि किसके लिए क्या बेहतर काम करता है और हम एक-दूसरे से छोटी-छोटी चीजें सीखते हैं। हमारा लक्ष्य लगातार बेहतर बनना और टीम को आगे ले जाना है।'

इस सीजन में कोनॉली ने अब तक 223 रन बनाए हैं, जो टीम के अन्य प्रमुख बल्लेबाजों प्रियांश आर्य (211), प्रभसिमरन सिंह (211) और श्रेयस अय्यर (208) से ज्यादा हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी ताकत के अनुसार खेलने और अनावश्यक जोखिम न लेने को दिया।

उन्होंने कहा, 'हर खिलाड़ी को अपनी ताकत पहचाननी चाहिए और उसी पर टिके रहना चाहिए। विपक्षी टीम आपकी कमजोरी ढूंढती है, लेकिन जरूरी है कि आप उसे समझें और उस पर काम करें। 'कोनॉली के प्रदर्शन में टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग की भूमिका भी अहम रही है। पोंटिंग के मार्गदर्शन में उन्हें अपने खेल को निखारने का मौका मिला है। वहीं कप्तान श्रेयस अय्यर की नेतृत्व क्षमता की भी उन्होंने सराहना की।

कोनॉली ने कहा, 'पोंटिंग और श्रेयस की जोड़ी टीम को सही दिशा दे रही है। श्रेयस एक शानदार लीडर हैं, जो टीम को सहज माहौल देते हैं और हर खिलाड़ी को बेहतर करने के लिए प्रेरित करते हैं।

## बोस्टन मैराथन 2026: खिताब बचाने उतरेगी जॉन कोरिर और शेरोन लोकेडी




**बोस्टन, एजेंसी।** बोस्टन मैराथन 2026 में मौजूदा चैंपियन जॉन कोरिर और शेरोन लोकेडी अपने-अपने खिताब बचाने के इरादे से सोमवार को दौड़ेंगे। इस बार दोनों वर्गों में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलने की उम्मीद है।

पुरुष वर्ग में केन्या के धावक जॉन कोरिर लगातार चौथा मैराथन खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेंगे। उन्होंने पिछले साल शिकागो और वालेंसिया मैराथन में भी जीत दर्ज की थी। बोस्टन मैराथन 2025 में शुरुआती गिरावट के बावजूद उन्होंने 2:04:45 का समय निकालते हुए इतिहास का तीसरा सबसे तेज प्रदर्शन किया था।

इस बार कोरिर को केन्या के बेन्सन किप्रूटो, तंजानिया के अल्फोंस फेलिक्स सिम्बू और केन्या के साइब्रियन कोटुट से कड़ी चुनौती मिलेगी। किप्रूटो, जिन्होंने न्यूयॉर्क सिटी मैराथन भी जीती है, 2:02:16 के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ इस रेस के सबसे तेज धावक हैं।

## आईपीएल 2026: प्रिंस यादव पर्पल कैप की टॉप-3 में पहुंचे, ऑरेंज कैप रेस भी हुई दिलचस्प

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में रविवार को खेले गए दो मुकाबलों के बाद ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की दौड़ में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। कई खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने दोनों लीडरबोर्ड को और रोमांचक बना दिया है।

**पर्पल कैप की दौड़ में प्रिंस यादव का जलवा:** पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबले में प्रिंस यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2/25 के आंकड़े दर्ज किए। इस मैच में कुल 454 रन बने, लेकिन इसके बावजूद प्रिंस ने किफायती गेंदबाजी की। इस प्रदर्शन के साथ प्रिंस यादव इस सीजन में 11 विकेट तक पहुंच गए हैं और पर्पल कैप की सूची में टॉप-3 में शामिल हो गए हैं। उनके विकेट गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध कृष्णा के बराबर हैं, लेकिन बेहतर इकॉनमी रेट के कारण प्रिंस आगे हैं।



चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कंबोज 13 विकेट के साथ अब भी शीर्ष पर बने हुए हैं। वहीं राजस्थान रॉयल्स के रवि बिश्नोई 10 विकेट लेकर पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार भी शीर्ष गेंदबाजों में शामिल हैं। इसके अलावा जोफ्रा आर्चर और कोलकाता नाइट राइडर्स के कार्तिक त्यागी समेत कई गेंदबाज 8-8 विकेट लेकर प्रतिस्पर्धा को कड़ा बना रहे हैं।

**ऑरेंज कैप में टॉप-3 बरकरार, लेकिन रेस हुई और दिलचस्प:** ऑरेंज कैप की सूची में टॉप-3 स्थान पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन, गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल और आरसीबी के विराट कोहली क्रमशः पहले तीन स्थान पर बने हुए हैं। हालांकि, राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी 46 रनों की पारी के बाद चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

# उप मुख्यमंत्री साव ने किया मावा मोदोल लाइब्रेरी चारामा का शुभारंभ



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन एवं विकास, खेलकूल और युवा कल्याण एवं उत्तर बस्तर (कांकेर) जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने आज रविवार को कांकेर जिले के चारामा में मावा मोदोल लाइब्रेरी का लोकार्पण किया। लोकार्पण पश्चात उन्होंने लाईब्रेरी का अवलोकन कर वहां अध्ययनरत युवाओं से संवाद किया तथा उनसे अपने विद्यार्थी जीवन को साझा करते हुए कहा कि लगन से पढ़ाई करें, सरकार जो सुविधाएं उपलब्ध करा रहीं है, उसका लाभ उठाए और सफल होकर अपने देश-प्रदेश व क्षेत्र का नाम रौशन करें।

देश के प्रति हमेशा निष्ठावान रहें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दी। कुल 43 लाख रूपए की लागत से निर्मित इस सर्वसुविधायुक्त लाईब्रेरी में एक साथ 75 विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। इस मौके पर छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प बोर्ड के अध्यक्ष शालिनी राजपूत तथा जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी विशेष रूप से उपस्थित थी।

लाईब्रेरी के शुभारंभ अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा लगातार बच्चों के भविष्य को गढ़ने का कार्य किया जा रहा है। चाहे दिल्ली मे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराना हो, अथवा प्रदेश में लाईब्रेरी व नालंदा परिसरों की स्थापना, विधार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए समूचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। कांकेर जिले में भी जिला प्रशासन द्वारा लगातार बच्चों के लिए अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है, इसी कड़ी में आज मावा मोदोल लाईब्रेरी चारामा का शुभारंभ हो रहा है। पूरे क्षेत्र के बच्चे यहां अच्छे वातावरण में पढ़ाई कर अपना भविष्य गढ़ सकते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों सहित प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे सभी युवाओं एवं उनके पालकों को अपनी शुभकामनाएं भी दी।

# आखातीज में पहले मूक पशुओं को चारा पानी, फिर त्यौहार मनाएँगे



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** आखातीज पर्व के अवसर पर सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में अनेक श्रद्धालुओं ने भगवान आदिनाथ के जीवन की घटना 1 वर्ष 39 दिन उपवास फिर अक्षय तृतीया पर पारणे की घटना से प्रेरणा लेकर जीवदया की ओर कदम बढ़ाया।

आदिनाथ भगवान के जीवन की घटना हमें प्रेरणा देती है। घटना इस प्रकार है कि पूर्व भव में एक बैल बार बार खाने की सामग्री में मुंह डालकर खाने का प्रयास कर रहा था और उसका मालिक इसके लिए उस बैल को बार बार पिटाई कर रहा था। भगवान आदिनाथ उस भव में बैल की पिटाई से दुःखी हो रहे थे, बैल पर जीवदया के भाव से उसके मालिक को सलाह दी कि इसका मुँह पर छीका बांध दो तो यह खाने में मुंह नही डालेगा और पिटाई से बच जावेगा। मालिक ने सलाह मानकर बैल का मुँह बंधवा दिया। बैल पिटाई से तो बच गया लेकिन भोजन में अंतराय हो गई, जिसके परिणाम स्वरूप भगवान आदिनाथ की दीक्षा पश्चात गोचरी (भोजन) में अंतराय आई। परन्तु भगवान ने कर्मों के परिणाम को उपवास तप के क्रम में बदलकर कर्मों की निर्जरा की।

यह घटना हमें जयणा पूर्वक जीवदया करने की प्रेरणा देती है। अनेक श्रद्धालुओं ने जिनमंदिर व दादाबाड़ी के दर्शन पूजन पश्चात मूक पशुओं को चारा रोटी या अन्य भोज्य सामग्री खिलाने के पश्चात ही नवकारसी करने का संकल्प लिया। जीवदया करने के बाद ही आज का पारम्परिक खीच घी इमलानी व बड़ी की सब्जी का सामुहिक भोजन गृहण करेंगे। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि घुमन्तु मूक पशु पक्षियों के लिए चारा दाना पानी की सेवा की जावेगी।

# बैगा बहुल ग्रामों में महिला सशक्तिच-करण हेतु विशेष अभियान

## स्व-सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहीं महिलाएं

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** खैरागढ़, छुईखदान, गंडई जिले के कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशानुसार बीते दिनों विकासखंड छुईखदान के बैगा बहुल ग्राम सरई पतेरा एवं लालपुर में महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बैगा जनजाति की महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर आर्थिक रूप से सक्षम बनाना एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करना रहा। कार्यक्रम के दौरान पद्मफुलबासन यादव के मार्गदर्शन में महिलाओं को स्व-सहायता समूहों के महत्व एवं उससे होने वाले लाभों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि समूह से जुड़कर वे अपनी आय में वृद्धि कर सकती हैं, साथ ही सामाजिक रूप से भी सशक्त बन सकती हैं। इस दौरान महिलाओं को समूह की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया गया।

अभियान में लगभग 150 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें से कई महिलाओं ने स्व-सहायता समूह से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की। इसके लिए संभावित सदस्यों की सूची तैयार कर आगे समूह गठन की प्रक्रिया को गति देने की पहल की गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के अधिकारी-कर्मचारी, डीपीएम, बीपीएम, एसी, पीआरपी, एफएलसीआरपी, सक्रिय महिलाएं, स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# करीब 150 मीटर लम्बे सुरंग में अवैध कोयला खनन पर सख्ती, सेंट्रल फ्लाइंग स्काड की बड़ी कार्रवाई

## देवखोल और भालूमाड़ा में खनन क्षेत्र चिन्हित, ब्लास्टिंग कर बंद करने के निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** कोरिया जिला में अवैध कोयला खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए लगातार दूसरे दिन व्यापक कार्रवाई की। रायपुर से पहुंची सेंट्रल फ्लाइंग स्क्वॉड की टीम ने रविवार को देवखोल और भालूमाड़ा क्षेत्रों का निरीक्षण कर अवैध खनन स्थलों का चिन्हांकन किया और उन्हें ब्लास्टिंग कर स्थायी रूप से बंद करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला स्तर पर गठित टास्क फोर्स, जिसमें खनिज, वन, राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल थे, ने संयुक्त रूप से पूरे क्षेत्र का जायजा लिया। टीम ने बताया कि निरीक्षण के समय मौके पर कोई कोयला या खनन सामग्री नहीं मिली, लेकिन पूर्व में यहां बड़े पैमाने पर अवैध गतिविधियां संचालित हो रही थीं। इस कार्रवाई से एक दिन पहले, शनिवार को संयुक्त टीम ने पटना तहसील अंतर्गत देवखोल जंगल में सघन अभियान चलाया था। इस दौरान अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 6 टन से अधिक कोयला जब्त किया गया। साथ ही कई अवैध सुरंगों को ध्वस्त किया गया, जिनका उपयोग लंबे समय से कोयला निकालने के लिए किया जा रहा था। अभियान के दौरान टीम ने करीब 150 लंबी सुरंगों के भीतर प्रवेश कर न केवल कोयला बरामद किया था, बल्कि खनन में उपयोग होने वाले उपकरण जैसे फावड़ा, गेती, विद्युत पंप, फुटबॉल पाइप और बड़ी मात्रा में बिजली के तार भी जब्त किए थे। रविवार को की गई कार्रवाई में कोरिया के अलावा सूरजपुर, मनेंद्रगढ़- चिरमिरी-भरतपुर और गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही जिलों के खनिज अधिकारी, स्थानीय पुलिस, वन एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# कृषि विश्वविद्यालय में 20 अप्रैल को मनाया जाएगा अक्ती तिहार

## कृषि मंत्री नेताम करेंगे मिट्टी और बीजों की पूजा

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में अक्षय तृतीया के अवसर पर कल ''अक्ती तिहार'' का आयोजन किया जा रहा है। स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र के पास स्थित प्रक्षेत्र में प्रातः 10:30 बजे से आयोजित राज्य स्तरीय अक्ती तिहार समारोह के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री रामविचार नेताम होंगे। समारोह की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल करेंगे।

अक्षय तृतीया के अवसर पर धरती माता एवं बीजों की पूजा-अर्चना कर बीज बुआई का कार्य प्रतीकात्मक रूप से किया जाएगा। कृषि मंत्री नेताम द्वारा प्रगतिशील कृषकों को कृषि आदान सामग्री का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर किसानों के लिए नवीन बीज बुआई तकनीकी एवं कृषि में ड्रोन का उपयोग तकनीक का प्रदर्शन भी किया जाएगा। कृषि विज्ञान केंन्द्र रायपुर द्वारा इस अवसर पर रासायनिक उर्वरकों का विकल्प विषय पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है।

# ग्राम माकड़ी में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

## विधायक उसेण्डी ने 13 करोड़ रूपए की लागत के विकास कार्यों की दी सौगात



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दूरस्थ अंचलों के गांवों तक पहुंचाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को कोंडागांव जिले के ग्राम माकड़ी में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और कोंडागांव विधायक लता उसेंडी उपस्थित रहीं।

विधायक उसेंडी ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विकास कार्यों के साथ-साथ आम नागरिकों को व्यक्तिगत योजनाओं का लाभ भी सुनिश्चित किया जा रहा है। महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रत्येक गांव के सर्वांगीण विकास हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के माध्यम से क्षेत्र स्वस्थ बस्तर की दिशा में अग्रसर है, जिसके तहत विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच की जा रही है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से अपील की कि स्वास्थ्य विभाग की टीम जब घर-घर पहुंचे, तो उन्हें सही जानकारी प्रदान करें, ताकि सभी के लिए स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कुपोषण एवं एनीमिया मुक्त समाज के निर्माण के लिए महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हेतु सामूहिक सहभागिता पर जोर दिया। साथ ही युवाओं सहित सभी नागरिकों से अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया, ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके।

कलेक्टर ने कहा कि माओवादमुक्त होने के पश्चात शासन द्वारा बस्तर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की गई हैं। मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के माध्यम से सघन स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु बस्तर मुन्ने अभियान के साथ सुशासन तिहार का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, योजनाओं के शत-प्रतिशत सेचुरेशन सुनिश्चित करने के लिए 'नियद नेल्लानार 2.0' की भी शुरुआत की जा रही है। विधायक ने प्री. मेट्रिक आश्रम में क्लास रूम निर्माण कार्य लागत 19 लाख रूपए, कन्या आश्रम में क्लास रूम निर्माण कार्य लागत 19.39 लाख रूपए, प्री. मे. बालक छात्रावास में क्लासरूम निर्माण लागत 19.39 लाख रूपए, लैब निर्माण कार्य लागत 22.89 लाख रूपए, नीति आयोग द्वारा लाइब्रेरी निर्माण कार्य 42 लाख रूपए, हीरावण्डी से बालेंग तक पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य लंबाई 6.50 किलोमीटर लागत 685.29 लाख रूपए और शासकीय महाविद्यालय माकड़ी निर्माण कार्य लागत 465.84 लाख रूपए सहित कुल लागत 13 करोड़ 79 लाख रूपए के 18 विकास कार्यो का भूमिपूजन किया।

**27 हितग्राहियों को मिली आवास की चाबी :** शिविर में ग्रामवासियों से विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर कुल 57 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर स्थल में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 27 हितग्राहियों को आवास निर्माण पूर्ण होने पर प्रतीकात्मक चाबी वितरित, समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को 07 छड़ी और 10 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति, शिक्षा विभाग द्वारा 12 जाति प्रमाण पत्र और गणवेश वितरण, श्रम विभाग द्वारा 07 श्रम कार्ड, खाद्य विभाग द्वारा 46 राशन कार्ड, उद्यान विभाग द्वारा वर्मी बेड प्रदान किए गए।

माओवाद के बाद विकास की नई राह, पुसपाल बनेगा ईको-टूरिज्म हब

# रिसॉर्ट और ओपन रेस्टोरेंट से बढ़ेगा पर्यटन और आजीविका के साधन: मंत्री केदार कश्यप



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** कोण्डागांव जिले के पुसपाल क्षेत्र से माओवाद खत्म होने के बाद अब विकास की नई तस्वीर उभर रही है। वर्षों तक प्रभावित रहने के कारण जहां पर्यटन गतिविधियां ठप थीं, वहीं अब केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से क्षेत्र में शांति स्थापित हुई है और पर्यटन की संभावनाएं फिर से जीवंत हो गई हैं। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए वन मंत्री केदार कश्यप ने ग्राम परौदा में लगभग एक करोड़ 45 लाख 96 हजार रूपए की लागत से बनने वाले ईको-टूरिज्म रिसॉर्ट का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही पुसपाल क्षेत्र में ही एक करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से नदी तट पर बनने वाले ओपन रेस्टोरेंट का भी भूमिपूजन किया।

वन मंत्री कश्यप ने कहा कि पुसपाल को विकसित करने का उद्देश्य कोण्डागांवङ्कबस्तर ईको-टूरिज्म सर्किट को मजबूत बनाना है। अभी तक पर्यटक टाटामारी और चित्रकूट तक ही सीमित रहते थे, लेकिन अब पुसपाल में नई गतिविधियां शुरू होने से पर्यटन का दायरा भी बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि यहां भंवरडीह नदी में एटीवी राइड, एडवेंचर स्पोर्ट्स, रिवर राफ्टिंग और बांस राफ्टिंग जैसी गतिविधियां शुरू की जाएंगी। साथ ही पुसपाल वैली में व्यू पॉइंट से सूर्यास्त का अद्भुत नजारा देखने के साथ पर्यटक ईको-कॉटेज में रात्रि में सितारों से भरे आकाश का आनंद लेते हुए विश्राम कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि ईको-टूरिज्म के विकास से स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और क्षेत्र की संस्कृति को देश-विदेश में पहचान मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान तेंदूपत्ता संग्राहकों को संग्रहण कार्ड भी वितरित किए गए। मंत्री कश्यप ने संग्राहकों से अपील की कि वे अधिक मात्रा में और अच्छी गुणवत्ता का तेंदूपत्ता संग्रह करें, ताकि उन्हें बेहतर मूल्य और बोनस का लाभ मिल सके।

# सहकार से समृद्धि की परिकल्पना को साकार करने में नव गठित समितियां साबित होंगी ऐतिहासिक कदम: शशिकांत

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ में सहकार से समृद्धि की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसी कड़ी में रेंगाकठेरा में नवगठित सेवा सहकारी समिति के वर्चुअल उद्घाटन के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ के प्राधिकारी शशिकांत द्विवेदी ने कहा कि यह ऐतिहासिक कदम साबित होगा। गौरतलब है कि प्रदेश की 515 नवगठित सेवा सहकारी समितियों का वर्चुअल उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप द्वारा किया गया।

प्राधिकारी शशिकांत द्विवेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में पूरे देश में नई सहकारी समितियां बनाई जा रही हैं। छत्तीसगढ़ में अब तक 2573 सेवा सहकारी समितियां बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि पहले पैक्स और लैम्पस केवल खाद-बीज की आपूर्ति और ऋण देने का काम करती थीं, लेकिन अब ये बहुउद्देशीय सेवा सहकारी समितियां बन गई हैं। इन समितियों के माध्यम से किसानों को खाद, बीज और ऋण की सुविधा के साथ-साथ कॉमन सर्विस सेंटर के जरिए 54 प्रकार की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। इनमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, टिकट बुकिंग, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, खसरा-नक्शा, जन औषधि केंद्र, पेट्रोल पंप और गैस एजेंसी जैसी सेवाएं शामिल हैं।द्विवेदी ने बताया कि पैक्स के कंप्यूटरीकरण से पारदर्शिता बढ़ रही है और देशभर में 73 हजार से अधिक पैक्स को डिजिटलीकरण से जोड़ा जा चुका है। सभी पैक्स को प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, ताकि किसान कृषि में नवाचार अपनाकर समृद्ध बन सकें। महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी सहकारिता विभाग सक्रिय है। दुग्ध, मत्स्य और कृषि विपणन सहकारी समितियों के माध्यम से लखपति दीदी और सारथी दीदी जैसी योजनाओं से महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा रहा है।

राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय जैविक सहकारी समिति, राष्ट्रीय बीज सहकारी समिति और राष्ट्रीय निर्यातक सहकारी समिति जैसी नई संस्थाएं गठित की गई हैं। सहकार टैक्सी और सहकार बीमा जैसी योजनाओं से युवाओं और महिलाओं को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। अर्बन को-ऑपरेटिव बैंकों ने एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की आय का रिकॉर्ड बनाया है। शशिकांत द्विवेदी ने कहा कि सहकारिता के इस विस्तार से न केवल सहकार से समृद्धि का सपना पूरा होगा बल्कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी बल मिलेगा।

# बदलते कोरबा - संवरते कोरबा की एक और निशानी है कोरबा रायफल शूटिंग रेंज: उद्योग मंत्री

## उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर संजूदेवी राजपूत ने स्टेडियम के पीछे निगम द्वारा स्थापित कोरबा रायफल शूटिंग रेंज का किया शुभारंभ



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** प्रदेश के वाणिज्य उद्योग, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने शानिवार को कहा कि हमारा कोरबा शहर तेजी के साथ बदल रहा है, तेजी के साथ संवर रहा है तथा शहर को नित नई उपलब्धियॉ प्राप्त हो रही है। उन्होने कहा कि नगर निगम द्वारा स्थापित कोरबा रायफल शूटिंग रेंज बदलते कोरबा - संवरते कोरबा की एक और निशानी है, एक और प्रमाण है, उन्होने कहा कि कोरबा के खिलाड़ियों, रायफल शूटिंग के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाने वाले यहॉ के युवाओं, बच्चों व शूटिंग प्रेमियों को रायफल शूटिंग रेंज की यह बड़ी सौगात देने के लिये मैं महापौर संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय व सभापति नूतन सिंह ठाकुर को बधाई एवं साधुवाद देता हूँ।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा टीपीनगर स्थित प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम के पीछे कोरबा रायफल शूटिंग रेंज की स्थापना की गई है, यहॉ उल्लेखनीय है कि निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर जो कोरबा रायफल शूटिंग एकेडमी के सचिव भी हैं, के द्वारा आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के समक्ष प्रस्ताव रखा कि कोरबा में रायफल शूटिंग रेंज स्थापित किया जाये, इस प्रस्ताव पर महापौर संजूदेवी राजपूत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने सहर्ष सहमति दी तथा कोरबा में रायफल शूटिंग रेंज स्थापित किया। शनिवार को आयोजित एक गरिमापूर्ण कार्यक्रम में प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य व महापौर संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में कोरबा रायफल शूटिंग रेंज का विधिवत शुभारंभ किया गया, उद्योग मंत्री देवांगन ने लोकार्पण पट्टिका का अनावरण किया एवं फीता काटा तथा रायफल्स की पूजा अर्चना की एवं रायफल से शूटिंग कर शूटिंग रेंज का विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उद्योग मंत्री देवांगन ने दिये गये अपने उद्बोधन में आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय खेलों के विकास व खेल सुविधायें बढ़ाने के लिये विशेष रूचि ले रहे हैं तथा हमारा देश खेलों के क्षेत्र में नित नई उपलब्धियॉ अर्जित कर रहा है, उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मध्यक्षेत्र विकास प्राधिकरण की बैठक में जनजातीय बालक एवं बालिका क्रीड़ा परिषद के निर्माण हेतु 10-10 करोड़ रूपये की स्वीकृत दी है। उन्होने आगे कहा कि जहॉ तक नगर निगम कोरबा का प्रश्न है तो निगम ने अपने मूलभूत दायित्वों के सफल निर्वहन एवं निगम क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ कोरबा में खेल सुविधायें बढ़ाने के लिये व्यापक पैमाने पर कार्य किये हैं, जिससे हर कोई परिचित है। उन्होने कहा कि जब मैं महापौर था तो हाकी के जादूगर महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी की प्रतिमा स्थापित की गई है तथा उस चौक का नाम मेजर ध्यानचंद चौक किया गया था, स्टेडियम के समीप स्वीमिंग पूल निर्मित हुआ था तथा ओपन थियेटर घंटाघर मैदान को संरक्षित किया गया, जहॉ पर नित नई क्रीडा गतिविधियॉ आज संचालित हो रहा है। उन्होने कहा कि कोरबा रायफल शूटिंग रेंज की स्थापना से रायफल शूटिंग के खिलाड़ियों को एक बड़ी सुविधा मिल चुकी है, वे यहॉ पर प्रेक्टिस कर सकेंगे तथा नेशनल व इंटरनेशनल प्लेटफार्म पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुये कोरबा जिला व छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे। उन्होने कहा कि कोरबा रायफल शूटिंग एकेडमी को शूटिंग रेंज के विकास के लिये, यहॉ पर आधुनिक सुविधाओं की उपलब्धता के लिये, जो भी आवश्यक होगा वह सहयोग निश्चित रूप से दिया जायेगा।

**हम सबके लिये प्रसन्नता व गर्व का क्षण :** इस अवसर पर महापौर संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोरबा में रायफल शूटिंग रेंज की स्थापना की गई, आज उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने इसका शुभारंभ किया, यह हम सबके लिये प्रसन्नता व गर्व का क्षण है, हमें इस बात की विशेष खुशी है कि हमारे आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय खेलों में विशेष रूचि रखते हैं तथा खेलों के विकास हेतु जो भी सुझाव उनके समक्ष रखें जाते हैं, उस पर वे पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य करते हैं।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक / प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा विप्र एक्सप्रे प्रेस सीपत रोड सरकंडा बिलासपुर छत्तीसगढ़ से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय वार्ड 14 हल्दीबाड़ी एमसीबी छत्तीसगढ़ से प्रकाशित,संपादक संदीप द्विवेदी
आर .एन .आई नं . सी टी एच आई एन /25/ए 1478 फोन नं .7974467831,9589645803, mediaauditor1@gmail .com पीआइबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार , सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा